


देश का प्रमुख दैनिक समाचार-पत्र

# जन जन जागरण

जनहित का सजग प्रहरी





## ब्रीफ न्यूज

### हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**अहमदाबाद।** गुजरात हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। हाईकोर्ट के आधिकारिक ईमेल आईडी पर सोमवार को एक धमकी भरा ईमेल भेजा गया। इसमें कोर्ट परिसर को उड़ाने की बात कही गई थी। धमकी की जानकारी मिलते ही हाईकोर्ट प्रशासन ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस की टीम बम और डॉग स्क्वाड के साथ हाईकोर्ट पहुंची और पूरे परिसर की गहन जांच शुरू कर दी गई। किसी भी तरह की अनहोनी से बचने के लिए कोर्ट की कार्यवाही दोपहर 1.30 बजे के बाद स्थगित कर दी गई।

### लोकल से 10 यात्री गिरे, 4 की मौत

**ठाणे।** मुंबई के मुंब्रा रेलवे स्टेशन के नजदीक सोमवार सुबह चलती लोकल ट्रेनों से 10 यात्री नीचे गिर गए। इनमें से 4 की मौत हो गई, जबकि 13 घायल हो गए। मरने वालों में जीआरपी कॉन्स्टेबल भी शामिल है। ये सभी ट्रेन के गेट पर खड़े थे। घटना सुबह 9:30 बजे मुंब्रा के आगे दिवा और कोपर रेलवे स्टेशनों के बीच हुई। ऑफिस टाइम होने के कारण ट्रेन में भीड़ ज्यादा थी, जिससे यह हादसा हुआ। रेलवे के मुताबिक संभवत: ये यात्री ट्रेनों के फुटबोर्ड से लटके हुए थे। विपरीत दिशा में ट्रेनों के नजदीक से गुजरने के समय उनके बैग एक-दूसरे से टकरा गए।

### आज आईएसएस रवाना होंगे शुभांशु शुक्ला

**नई दिल्ली।** इंडियन एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला एक्सिओम मिशन 4 के तहत मंगलवार को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन जाएंगे। इससे पहले शुभांशु ने फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल की। इसमें असेंबली बिल्डिंग से रॉकेट तक जाने और उसमें बैठने के प्रोसेस को फॉलो किया। इस दौरान शुभांशु ने कहा- यह एक बेहतरीन यात्रा रही है। ये पल बताते हैं कि आप किसी ऐसी चीज का हिस्सा बनने जा रहे हैं जो आपके खुद से बहुत बड़ी है। मैं बस इतना कह सकता हूं कि मैं बहुत सौभाग्यशाली हूं कि मुझे मिशन का हिस्सा बनने का अवसर मिला।

### स्वास्थ्य मंत्री ने डॉक्टर से माफी मांगी

**पणजी।** गोवा के स्वास्थ्य मंत्री विश्वजीत राणे ने गोवा मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल में एक डॉक्टर से बदसलूकी करने के मामले में सोमवार को माफी मांग ली। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि मैंने हीट ऑफ द मूमेंट में जिस तरह से स्थिति को हैंडल किया, उसका मुझे बहुत दुख है। दरअसल, स्वास्थ्य मंत्री राणे ने 7 जून को अस्पताल का औचक निरीक्षण किया था। इस दौरान उन्होंने ड्यूटी पर तैनात डॉ. रुद्रेश कुट्टीकर पर मरीजों के साथ गलत व्यवहार करने का आरोप लगाया और सबके सामने फटकार लगाई। उन्होंने डॉक्टर को सस्पेंड करने का आदेश भी दे दिया था। हालांकि, गोवा सरकार ने सस्पेंशन वापस ले लिया है।

### देशद्रोह के आरोप में शख्स गिरफ्तार

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सिरमौर में पुलिस ने देश विरोधी गतिविधियों में शामिल एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सुलेमान के खिलाफ पांवटा साहिब थाना में देशद्रोह का मुकद्दमा दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपी को आज जिला कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 12 जून तक पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस के अनुसार, सुलेमान उत्तर प्रदेश के अब्दुलागढ़ सहारनपुर का रहने वाला है। वह पांवटा साहिब में रेहड़ी लगाकर फल-सब्जी बेचता है।

### जसबीर 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में

**मोहाली।** पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के मामले में पकड़े गए पंजाब के यूट्यूबर जसबीर सिंह को मोहाली की एक अदालत ने सोमवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक जसबीर सिंह को 4 जून को गिरफ्तार किया गया था, जिसके बाद उसे तीन दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया था।

## पीएम मोदी की कश्मीर यात्रा: बुलेटप्रूफ ट्रेन का कोच, रेल फोर्स वन की तर्ज पर किया तैयार

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार छह जून को जम्मू-कश्मीर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए सुरक्षा के जो इंतजाम किए गए थे। इनमें से एक जो बड़ा चैलेंज था। वह था पीएम मोदी का रेल मार्ग से चिनाब और अंजि ब्रिज का उद?घाटन करते हुए श्री माता वैष्णो देवी माता कटरा रेलवे स्टेशन जाना। इसके लिए जो सिंगल कोच की इंस्पेक्शन कार इस्तेमाल की गई थी। वह पिछले साल 23 अगस्त को युक्रैन दौरे पर गए गोला-बारूद हमले से भी बेअसर बुलेटप्रूफ रेल फोर्स-वन की तरह थी।

पीएम की रेल मार्ग से चिनाब और अंजि ब्रिज विजिट के लिए सुरक्षा के बेहद खास इंतजाम किए गए थे। इसके लिए एजेंसियों ने महीनों पहले पीएम स्पेशल इंस्पेक्शन कार तैयार कराई थी। जो की युक्रैन दौरे पर गए बुलेटप्रूफ रेल फोर्स-वन की तरह ही थी। जिसमें गोला-बारूद का भी असर नहीं होता है। सिंगल कोच वाली यह इंस्पेक्शन कार भी पूरी तरह से बुलेटप्रूफ तैयार कराई गई थी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब इस पर सवार थे। तब यह बिजली से नहीं बल्कि डीजल से चल रही थी। ताकि किसी भी स्थिति में अगर पावर फेल भी हो जाती है या कर दी जाती है तो भी पीएम की सिंगल कोच वाली वह इंस्पेक्शन कार बिना रूके सुरक्षित स्थान पर पहुंचाई जा सके। इस खास इंस्पेक्शन कार में 25 लोगों के बैठने की जगह थी। जिसमें पीएम के अलावा कुछ अन्य वीआईपी थे। बाकी सभी में एसपीजी कमांडों और सुरक्षा की दृष्टि से अन्य साजो-सामान था।



सूत्रों ने बताया कि इस इंस्पेक्शन कार में एक छोटी सी पेंट्री भी थी। जिससे यात्रा के दौरान वीवीआईपी को खाने-पीने की चीजें सर्व की गईं। टनल-35 से निकलने से कटरा रेलवे स्टेशन तक पहुंचने तक पूरे रास्ते चप्पे-चप्पे पर पुलिस और फोर्स के जवान तो तैनात थे ही। पूरे रूट को एसपीजी ने भी अपने सिक्योरिटी कवर में घेर रखा था। पूरे वक्त एयर डिफेंस सिस्टम एक्टिव मोड पर रहा। इस खास इंस्पेशन कार को आजाद भारत की सबसे पुरानी इंटीग्रल रेल कोच फैक्ट्री में महीनों की तैयारियों से तैयार किया गया था। इस दौरान इसमें एसपीजी के कहने पर कई तरह के बदलाव किए गए थे। यहां विजिट के दौरान प्रधानमंत्री के लिए इस तरह की पांच इंस्पेक्शन कार का बंदोबस्त किया गया था। जिसमें से दो अंबाला से भी मंगाई गई थी। लेकिन इनमें से एक यह खास बुलेटप्रूफ वाली थी।

## सीएम मोहन यादव ने 80 करोड़ 46 लाख रुपए की 135 परियोजनाओं का लोकार्पण और भूमिपूजन किया

### लाड़ली बहना चुनावी नहीं, बल्कि स्थायी योजना

**नरसिंहपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को नरसिंहपुर जिले के गाडरवारा में 80 करोड़ 46 लाख रुपए की 135 परियोजनाओं का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इससे पहले सीएम ने रोड शो भी किया। इस अवसर पर सीएम ने लाड़ली बहना योजना का जिक्र करते हुए कहा कि यह योजना चुनावी नहीं बल्कि स्थायी है। आने वाले समय में बहनों को 3000 तक की राशि दी जाएगी। साथ ही उन्होंने घोषणा की है कि इस रक्षाबंधन पर भी बहनों को विशेष बोनस दिया जाएगा।

सीएम ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भय बिन होय न प्रीति। भय के बिना दोस्ती नहीं हो सकती। समर्थ होना चाहिए। देश जागरूक होना चाहिए। देश के अंदर असुरक्षा के लिए पर्याप्त प्रबंधन होना चाहिए। सोने की चिड़िया तो हजारों साल से देश था, लेकिन सोने की चिड़िया से काम नहीं चलता। अब मोदी जी देश को सोने का बाज बना रहे हैं, दुश्मन को पकड़कर



लाने के लिए। मुख्यमंत्री ने कहा, मोदी जी ने न केवल देश का स्वरूप बदला है, बल्कि भारत को वैश्विक मंच पर सम्मान दिलाया है।

#### कांग्रेस के समय राम का नाम लेने पर दंगे होते थे

सीएम ने कहा कि कांग्रेस के समय भगवान राम का नाम लेने पर दंगे होते थे। जब सुप्रीम कोर्ट ने श्रीराम मंदिर के पक्ष में फैसला दिया तो कांग्रेस ने उस फैसले को स्वीकार करने से इनकार कर दिया। लेकिन आज देश का हर नागरिक रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दुर्भाग्य है कि कांग्रेस का कोई बड़ा नेता अयोध्या नहीं गया, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंदिर निर्माण के हर क्षण में भागीदारी निभाई।

#### नई पीढ़ी को शिक्षित करने की मुहिम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नव प्रवेशित बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत कर उन्हें पुस्तकें प्रदान की। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को बेहतर शिक्षा देने का प्रबंध किया जा रहा है, ताकि बच्चे देश के लोकतंत्र, सभ्यता व संस्कृति को जान सकें और अपने उज्वल भविष्य के सपने को साकार कर सकें।

#### महिला सशक्तिकरण प्राथमिकता

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नारी सशक्तिकरण की दिशा में भी प्रदेश सरकार कई कल्याणकारी कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि लाड़ली बहना की राशि 5 साल में तीन हजार रुपये कर दी जायेगी। पहले साल में एक बार रक्षाबंधन का त्यौहार आता था, लेकिन अब लाड़ली बहना योजना की राशि आने से हर महीने बहनों के लिए त्यौहार जैसा माहौल रहता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि परिसीमन के बाद लोकसभा व विधानसभा चुनाव में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रिमोट के माध्यम से 80 करोड़ 46 लाख 30 हजार रुपये के 135 निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। उन्होंने 56 करोड़ 58 लाख 6 हजार रुपये के 67 निर्माण कार्यों का लोकार्पण और 23 करोड़ 88 लाख 24 हजार रुपये के 68 निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के विकास के कार्यों में कोई कोर कसर नहीं रखी जायेगी। जिले के विकास के लिए मंत्री उदय प्रताप सिंह द्वारा जो प्रस्ताव दिए गए हैं, उन्हें पूर्ण किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वृहद स्तर पर सोलर पॉवर कनेक्शन प्रदाय किए जाएंगे, जिससे किसानों को बिजली की समस्या से मुक्ति मिलेगी।

## बीते 11 साल मोदी सरकार ने भारत की राजनैतिक संस्कृति को बदला

### केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार के 11 साल पूरे होने के मौके पर केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा, पीएम मोदी के नेतृत्व में हम 11 साल पूरे कर रहे हैं...11 साल में जो पीएम मोदी के नेतृत्व काम हुआ है वह स्वर्ण अक्षरों में लिखे जाने वाला काम हुआ है। देश में 11 साल पहले तुष्टिकरण व समाज को खंडित करके अपनी कुर्सी को सुरक्षित रखना राजनी?तिक संस्कृति का तरीका बना चुका था। लेकिन 2014 के बाद प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली जिम्मेदार व जवाबदेह सरकार आई है, जिस सरकार ने रिपोर्ट कार्ड की राजनीति शुरू की। हम जो काम कर रहे हैं, उस काम को हम जनता के सामने रखें। बीते 11 साल में मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने भारत की राजनीति की संस्कृति को बदला ?है।

नड्डा ने कहा, ...मोदी सरकार ने ट्रिपल तलाक को खत्म करने का साहसिक फैसला लिया। एक और साहसिक फैसला नया वक्फ अधिनियम बनाना था। इस पर चर्चा चल रही है। कुछ अन्य साहसिक फैसलों में नागरिकता संशोधन अधिनियम, नोटबंदी, 33 प्रतिशत महिला आरक्षण शामिल हैं...हम सब जानते हैं कि हमारी अर्थव्यवस्था 10वें स्थान से सीधे 5 वें स्थान पर आ गई और अब ये चौथे स्थान पर आ गई है।

जेपी नड्डा ने कहा, आज भारत का आम नागरिक कहता है कि मोदी है तो मुमकिन है...पिछले 11 वर्षों में हम सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के मंत्र को लेकर आगे बढ़े हैं। देश मान चुका था कि ये संभव नहीं है, लेकिन मोदी सरकार ने जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाया...लोकसभा में टर्नआउट 58.46 प्रतिशत रहा, जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव में टर्नआउट 63 प्रतिशत रहा। ये बदलाव, मोदी सरकार की साहसिक निर्णय की वजह से आया है।

## पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत कैशलेस क्रांति की ओर तेजी से बढ़ रहा

### वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के ऑफिस ने पोस्ट किया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के कार्यालय ने कहा कि भारत यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) जैसी विश्वस्तरीय डिजिटल पहलों के साथ कैशलेस क्रांति की ओर बढ़ रहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के ऑफिस ने पोस्ट में कहा, बीते 11 वर्षों में भारत ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एक शानदार यात्रा का अनुभव किया। दूसरी पोस्ट में कहा गया, भारत कैशलेस क्रांति को तेजी से अपना रहा है। ह हर दिन 70,000 करोड़ रुपए से अधिक के यूपीआई ट्रांजैक्शन और एक दिन में 59.6 करोड़ लेनदेन के साथ डिजिटल पेमेंट्स अब नए मानक बना रहा हैं।

वित्त मंत्री सीतारमण के कार्यालय ने कहा कि लोगों के जीवन को आसान बनाने से लेकर कारोबारी आत्मविश्वास को बढ़ाने तक, यह रियल और विजिबल चेंज का एक



दशक रहा है। भारत आज न केवल सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था है, बल्कि क्लाइमेट एक्शन और डिजिटल इनोवेशन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर एक प्रमुख वैश्विक भागीदार भी है।

यूपीआई ने वर्ष 2025 मई में 18.68 बिलियन ट्रांजैक्शन रिकॉर्ड कर मजबूत वृद्धि दर्ज की, जो अप्रैल में 17.89 बिलियन थे। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के आंकड़ों के अनुसार, यूपीआई ट्रांजैक्शन बीते वर्ष इसी महीने 14.03 बिलियन ट्रांजैक्शन की तुलना में सालाना आधार पर 33 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दिखाता है।

बीते महीने मूल्य के हिसाब से यूपीआई ट्रांजैक्शन बढ़कर 25.14 लाख करोड़ रुपए हो गया, जो अप्रैल में 23.95 लाख करोड़ से 5 प्रतिशत अधिक है।

यह पिछले वर्ष मई में 20.45 लाख करोड़ रुपए से लगभग 23 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। मई में एवरेज डेली ट्रांजैक्शन की मात्रा 602 मिलियन रही, जबकि एवरेज डेली ट्रांजेक्शन अमाउंट 81,106 करोड़ रुपए तक पहुंच गया।

यूपीआई ने भारत के डिजिटल पेमेंट सिस्टम में अपना प्रभुत्व मजबूत किया है और कुल ट्रांजैक्शन की मात्रा में इसकी हिस्सेदारी पिछले वित्त वर्ष के 79.7 प्रतिशत से बढ़कर 2024-25 में 83.7 प्रतिशत हो गई है।

आरबीआई की वार्षिक रिपोर्ट से पता चलता है कि यूपीआई ने 2024-25 के दौरान 185.8 बिलियन ट्रांजैक्शन की सुविधा प्रदान की, जो सालाना 41 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। मूल्य के संदर्भ में, यूपीआई ट्रांजेक्शन वित्त वर्ष 24 में 200 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर 261 लाख करोड़ रुपए हो गया।

## कल स्पेस के लिए उड़ान भरेंगे भारत के शुभांशु, फुल ड्रेस रिहर्सल पूरी, वीडियो जारी किया

**नई दिल्ली।** नमस्ते, मैं ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला हूं... ये गर्व भरे शब्द भारतीय वायुसेना के जांबाज टेस्ट पायलट शुभांशु शुक्ला के हैं जिन्होंने अंतरिक्ष में अपनी ऐतिहासिक उड़ान से पहले जारी एक वीडियो में यह बात कही है। 15 वर्षों तक एक कॉम्बैट पायलट रहे शुक्ला अब अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की यात्रा करने वाले पहले भारतीय नागरिक बनने जा रहे हैं। यह ऐतिहासिक मिशन एक्सिओम स्पेस के 'एक्सिओम-4' मिशन के तहत लॉन्च किया जाएगा, जिसे 'मिशन आकाश गंगा' भी कहा जा रहा है। यह निजी अंतरिक्ष उड़ान 10 जून को नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से स्पेसएक्स के क्रू ड्रैगन सी213 यान के जरिए



प्रक्षेपित होगी। लगभग 28 घंटे की यात्रा के बाद, यान 11 जून की रात करीब 10 बजे पर आईएसएस से जुड़ेगा।

अपनी इस यात्रा को लेकर उन्होंने कहा, शुरुआत में मेरा सपना सिर्फ उड़ान भरना था। लेकिन अंतरिक्ष यात्री बनने की राह बाद में खुली। मैं खुद को बेहद भाग्यशाली मानता हूं कि मुझे जीवन भर उड़ान भरने का अवसर मिला और फिर मुझे अंतरिक्ष यात्री बनने का आवेदन करने का मौका मिला। और आज मैं यहां हूं। भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला, एक्सिओम स्पेस के एएक्स-4 मिशन पर अंतरिक्ष में जाने के लिए तैयार हैं। यह भारत के लिए एक बड़ी खबर है। इस मिशन के साथ, भारत मानव अंतरिक्ष उड़ान में फिर से कदम रखने जा रहा है।

## जासूस ज्योति मल्होत्रा को नहीं मिली राहत, 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा ??को अदालत ने फिर 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। उनके मामले की सुनवाई 23 जून को फिर होगी। यह दूसरी बार है, जब जासूस ज्योति को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। इसके पहले 26 मई को उन्हें चार दिन की पुलिस रिमांड पर रहने के बाद 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। पिछले सप्ताह, एक अन्य यूट्यूबर जसबीर सिंह को पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान समर्थित जासूसी नेटवर्क में कथित रूप से शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया था।

जसबीर कथित तौर पर ज्योति के संपर्क में था। पंजाब पुलिस के अनुसार, जसबीर सिंह पाकिस्तानी खुफिया अधिकारी शाकिर उर्फ ??जट्ट रंधावा से निकटता से जुड़ा हुआ था, जो भारतीय मूल का व्यक्ति है और जिसके बारे में संदेह है कि वह इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के लिए काम कर रहा है। सिंह, ज्योति मल्होत्रा ??के कथित तौर पर निकट संपर्क में था, जिसे पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। पंजाब पुलिस ने सिंह की गिरफ्तारी के बाद दावा किया था कि बल ने एक 'आतंकवाद समर्थित जासूसी नेटवर्क' का पता लगाया है, जो आरोपी को पाकिस्तानी खुफिया और सेना के अधिकारियों से जोड़ता है। पुलिस ने बताया था कि यूट्यूबर पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के लिए कथित तौर पर जासूसी कर रहा था।

## लोकल ट्रेन में भीड़ नहीं समाई, कई यात्री बाहर गिरे, पांच के मौत की खबर?

**ठाणे।** बेहतर यातायात के दावे करने वाली सरकार के लिए शर्मनाक बात है कि लोकल ट्रेन में भीड़ इतनी ज्यादा हो रही है कि यात्री स्वत- ही कोच से बाहर फिका रहे हैं। ठाणे में एक ऐसा ही मामला आया है। जहां सोमवार सुबह मुंब्रा रेलवे स्टेशन पर भीड़भाड़ के कारण चलती लोकल ट्रेन से कई यात्री गिर गए, जिसमें कम से कम 5 लोगों की मौत हो गई है। इस हादसे में कई यात्री गंभीर रूप से घायल हुए हैं। रेलवे की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि यह हादसा ट्रेन में अत्यधिक भीड़ के कारण हुआ। कुछ यात्री जो छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) की ओर जा रही



लोकल ट्रेन में सफर कर रहे थे, वे मुंब्रा स्टेशन के पास ट्रेन से नीचे गिर गए।

मुंब्रा रेल हादसे पर सेंट्रल रेलवे के सीपीआरओ स्वप्निल धनराज नीला ने कहा कि मुंब्रा से दिवा जा रही लोकल ट्रेन में यात्रा कर रहे आठ लोग गिरने की घटना हुई है। कसारा जाने वाली लोकल ट्रेन के गार्ड ने इस घटना की सूचना दी। इन लोगों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। यह घटना डाउन/फास्ट लाइन पर मुंब्रा-दिवा रेलवे स्टेशनों के बीच हुई। कसारा से आने वाली लोकल ट्रेन के फुटबोर्ड पर यात्रा कर रहे लोग और इसी तरह सीएसएमटी की ओर जाने वाली ट्रेन में यात्रा कर रहे लोग एक-दूसरे से टकरा गए और गिर गए। हादसे का कारण ट्रेन में अत्यधिक भीड़ माना जा रहा है। हादसे की सूचना मिलते ही रेलवे प्रशासन और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई है। घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। फिलहाल, हादसे की जांच शुरू कर दी गई है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय ट्रेन सेवाएं भी इस हादसे से प्रभावित हुई हैं, जिससे यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

» न्यूज कैप्सूल »

## गुना में गर्मी का प्रकोप चरम पर, तापमान ने छुआ 45 डिग्री का आंकड़ा

**गुना।** जिले में मई महीना बारिश और खराब मौसम के भेंट चढ़ने के बाद अब जून जमकर जला रहा है। अंचलभर में गर्मी का सितम लगातार बढ़ता जा रहा है। सोमवार को अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो इस मौसम में अब तक का एक प्रमुख रिकॉर्ड है। वहीं न्यूनतम तापमान भी 29.8 डिग्री दर्ज किया गया, जिससे रात में भी गर्मी से राहत नहीं मिल सकी। इसके पूर्व रविवार को 43.6 डिग्री रहा था। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी हो सकती है, जबकि बारिश की संभावना नगण्य बनी हुई है। सुबह और शाम के समय भी राहत के कोई आसार नजर नहीं आए। सोमवार को सुबह की आर्द्रता 29 प्रतिशत रही, जबकि शाम को यह गिरकर केवल 14 प्रतिशत पर आ गई। ऐसे में वातावरण में शुष्कता बनी रही, जिससे लू का असर और अधिक घातक महसूस हुआ। तेज धूप और तपती हवाओं के कारण दिनभर आम जनजीवन प्रभावित रहा। सड?ों पर यातायात अपेक्षाकृत कम नजर आया और लोग दोपहर के समय घरों में ही रहने को मजबूर दिखे।

दिनभर सूरज की तेज किरणों ने शहर को तपा कर रख दिया। चिकित्सकों ने इस भीषण गर्मी में नागरिकों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों को धूप में निकलने से बचने की हिदायत दी गई है। चिकित्सकों का कहना है कि लू और हीट स्ट्रोक से बचने के लिए भरपूर मात्रा में पानी पीना, ताजे फल और तरल पदार्थों का सेवन करना जरूरी है। शह के कई हिस्सों में कूलर-पंखे भी गर्म हवा देने लगे हैं, जिससे लोग बेहद परेशान हैं। बिजली की खपत भी लगातार बढ़ रही है और ट्रांसफार्मर पर दबाव के चलते कई इलाकों में ट्रिपिंग की समस्या सामने आई।

## कैंट पुलिस ने चुराया गया ट्रैक्टर-ट्रॉली किया बरामद, अशोकनगर का युवक गिरफ्तार

**गुना।** जिले की कैंट थाना पुलिस ने तेज कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी के मामले को महज 36 घंटे में सुलझा लिया है। पुलिस ने इस मामले में अशोकनगर जिले के एक युवक को गिरफ्तार कर चोरी गई लाखों रुपये की संपत्ति को बरामद कर लिया है। आरोपी की गिरफ्तारी उस समय हुई जब वह चोरी के स्थान पर वापस लौटकर अपने खोए हुए पर्स की तलाश कर रहा था।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, दलवी कॉलोनी निवासी अवधेश रघुवंशी ने 7 जून की रात को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके गोपालपुरा क्षेत्र स्थित बाड़े से कोई अज्ञात व्यक्ति उनका ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 08 एम 0564 ट्रॉली सहित चुरा ले गया है। चोरी की इस घटना के बाद कैंट थाना पुलिस ने तत्काल तकनीकी विश्लेषण और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। छानबीन के दौरान पुलिस को गोपालपुरा क्षेत्र में एक संदिग्ध युवक नजर आया, जिसे पूछताछ के लिए रोका गया। शुरू में युवक ने अपना नाम छुपाते हुए खुद को इंदौर निवासी अनाथ बताया और पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की। लेकिन गहन पूछताछ में उसने अपनी असली पहचान उजागर की। आरोपी की पहचान राकेश उर्फ लुक्का (27) पुत्र अनरथ सिंह लोधी, निवासी मोचार, थाना ईसागढ़, जिला अशोकनगर के रूप में हुई।

## समाज पूछकर टेंकर चालक से की मारपीट, जलप्रकोष्ठ के कर्मचारी हड़ताल पर

**गुना।** शहर के वार्ड 13 में एक टेंकर चालक से उसकी जाति पूछकर की गई मारपीट के विरोध में सोमवार को जलप्रकोष्ठ के सभी टेंकर चालक और कर्मचारी हड़ताल पर चले गए। इससे शहर की टेंकर सप्लाई और जलापूर्ति घंटों तक ठप रही, जिससे नागरिकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। घटना सोमवार सुबह 11 बजे की है, जब टेंकर चालक सूरज कुशवाह वार्ड 13 के पार्षद ब्रजेश राठौर के कहने पर पानी का टेंकर लेकर छिग्गा चौराहा, तलैया मोहल्ला पहुंचे थे। वहां एक परिवार ने अपने घर के सामने टेंकर रुकवाकर मोटर से पानी भरना शुरू कर दिया। इस बीच उसी परिवार के एक अन्य सदस्य ने टेंकर को थोड़ा आगे बढ़ाने को कहा। पहले तो चालक ने मना किया लेकिन बार-बार कहने पर उसने टेंकर थोड़ा आगे कर दिया। इसी बात को लेकर वहां मौजूद हनीफ, अहसान सहित चार-पांच लोगों ने टेंकर चालक सूरज कुशवाह का गिरेबान पकड़ लिया।

# डॉ. राकेश मिश्र जी के प्रथम नगर आगमन पर जिले के खिलाड़ियों, गांव देहातों की युवा शक्ति ने सतना रेलवे स्टेशन पर किया भव्य स्वागतः योगेश ताम्रकार महापौर

**सतना।** इंडियन एमेच्योर बॉक्सिंग फेडरेशन के निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राकेश मिश्र जी निर्वाचित होने के उपरांत आनंद विहार-रीवा सुपरफास्ट से नगर आगमन पर जिले के समस्त खिलाड़ियों द्वारा ढोल नगाड़े व मिठाई वितरण कर खुशियों का इजहार करते हुए स्वागत किया गया।

डॉ. राकेश मिश्र जी का स्वागत-वंदन-अभिनंदन करने के लिए रेलवे स्टेशन पर स्वागत करने योगेश ताम्रकार(महापौर), अशोक गुप्ता, संजय अग्रवाल (खिल्लू भैया), पन्नालाल अवस्थी, बालकृष्ण शुक्ला बेटा भैया सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया। इसके पश्चात् खिलाड़ियों व युवा शक्ति के द्वारा शहर में तिरंगा ???? लेकर बाइक रैली निकाली गई।

सर्व समाज, प्रिंटर एसोसिएशन विंध्य चेंबर ऑफ कॉमर्स की सहयोगी संस्थाओं ने किया पुष्प वर्षाः कमलेश्वर अग्रवाल अजय मिश्र(सचिव ) (सतना कार्पोरेशन एथलेटिक्स एसोसिएशन) ने बताया कि सर्व समाज, प्रिंटर एसोसिएशन विंध्य चेंबर ऑफ कॉमर्स की





सहयोगी संस्थाओं के अलावा जिले की बास्केटबॉल, बॉलीबॉल, जूडो कराते, वूशू, एथलेटिक, क्रिकेट, टेबल टेनिस, फुटबॉल, मार्शल आर्ट, इत्यादि सभी खेल संगठन के सदस्य उपस्थित होकर पुष्प वर्षा करते हुए खुशी का इजहार किया।

### सतना हाफ मैराथन, बॉक्सिंग व बॉलीबाल टीमों ने तिरंगा ध्वज लहराते हुए किया स्वागत-राजीव व्यास

राजीव व्यास(पूर्व क्रीड़ा अधिकारी) ने बताया कि सतना हाफ मैराथन, बॉक्सिंग व बॉलीबाल टीमों ने तिरंगा ध्वज लहराते हुए स्वागत किया और नगर के विभिन्न मार्गो पर स्थित प्रतिष्ठित प्रतिष्ठानों के संचालकों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया।

### बॉक्सिंग फेडरेशन के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राकेश मिश्र ने खिलाड़ियों के प्रति व्यक्त किया आभार

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास मुख्यालय, नेह निकुंज बम्हनगवां रीवा रोड में बॉक्सिंग फेडरेशन के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राकेश मिश्र ने खिलाड़ियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### नगर भ्रमण कार्यक्रम में उमडा खिलाड़ियों का हुजूमः विष्णु नारायण पांडे

वॉलीबॉल संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी विष्णु नारायण पांडे ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ राकेश मिश्र जी को बॉक्सिंग एसोसिएशन का राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित होने पर समस्त देशवासियों, संपूर्ण प्रदेश, जिले गांव देहात के खिलाड़ियों में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। सिमरिया चौराहा पर बाबा साहब आंबेडकर जी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। उनका आज प्रथम नगर आगमन हुआ जो कि रेलवे स्टेशन से वरिष्ठ समाजसेवी अशोक गुप्ता के द्वारा, उचेहरा के खिलाड़ियों ने गोकुल सिंगरौल के नेतृत्व में, जयस्तंभ चौक पर अनिल सैनी, महेन्द्र अग्रवाल गुड्डा ने, बिहारी चौक पर नवीन अग्रवाल, प्रवीण गुप्ता एवं व्यापारी संगठनों द्वारा, पन्नीलाल चौक पर विजय गुप्ता की टीम द्वारा, पुराना पावर हाउस चौक पर अशोक अग्रवाल, गिरीश अग्रवाल टीम ने, पुराना नगर निगम चौक पर केशव माखीजा टीम ने, करुणेश अनुरागी, राजेश नामदेव व उनकी टीम के द्वारा खोवा मंडी में, अस्पताल चौक पर व्यापार संघ के पदाधिकारियों ने हरिओम गुप्ता, संजय अग्रवाल की टीम ने व ओबीसी युवा मोर्चा के अध्यक्ष विक्रम सिंह बिसेन, सांसद प्रतिनिधि के के त्रिपाठी के द्वारा इंदिरा कन्या महाविद्यालय, जिले के खेल प्रेमी अशोक नामदेव, दीपक गोलवानी, महेंद्र चौरसिया, जावेद खान के द्वारा, प्रेम नर्सिंग होम में वालीबाल टीम ने, सर्किट हाउस चौक पर अनिल सैनी, रश्मि सैनी, सतना टेंट हाउस पर अग्रवाल समाज ने, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष जेपी गुप्ता ने होटल प्रताप पर, राजेश तिवारी वरिष्ठ समाजसेवी एवं उनके मित्र मंडली के द्वारा भरहुत नगर मोड पर, पार्क होटल, क्राइस्ट ज्योति स्कूल , रीवा रोड - के.बी. कॉम्प्लेक्स, रीवा रोड - सेमरिया चौक पर सुधीर रिछारिया, रवि द्विवेदी , अनिल चौरसिया ने, सिंधु स्कूल के छात्र छात्राओं व शिक्षकों ने पुष्प वर्षा की, देवेंद्र महेश्वरी टीम के द्वारा माहेश्वरी स्वीट्स, सुधा रेफ्रिजरेशन, होटल अपार रेजीडेन्सी - नेह निकुंज, बम्हनगवां में मिष्ठान वितरण व आतिशबाजी किया गया।

### वरिष्ठ समाजसेवी हरीश अग्रवाल के नेतृत्व में जैतवारा रेलवे स्टेशन में डॉ राकेश मिश्रा जी का हुआ भव्य स्वागत

जैतवारा रेलवे स्टेशन पर नव निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राकेश मिश्र जी का स्वागत वरिष्ठ समाजसेवी हरीश अग्रवाल जी के नेतृत्व में मंडल पदाधिकारियों ने स्वागत किया गया।

### आज के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से

योगेश ताम्रकार (महापौर), बेटा शुक्ला, अशोक गुप्ता, अनंत सोनी, मौसम ताम्रकार, जयदेव ताम्रकार, महेन्द्र अग्रवाल, कराजीव व्यास, अजय मिश्रा, अशोक पांडे, महेंद्र तिवारी, शिवनारायण शुक्ला, गोकुल सिंगरौल, विष्णु पांडे, रवि द्विवेदी, आदित्य पांडे, भुवनेश दुबे, मनीषा सिंह, अंबुज सिंह, कामता पांडे, अनिल सिंह, राजेश पांडे, केशव माखीजा, देवेंद्र माहेश्वरी, महेश तिवारी, हरिओम द्विवेदी शैलेंद्र अग्रवाल, राम बहादुर दोहर, राम निरंजन दोहर शशि भूषण तिवारी, सजल गुप्ता आदि कार्यकर्ताओं ने रेलवे स्टेशन पहुंचकर भव्य स्वागत किया।

# कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने कलेक्टर सभा कक्ष में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित

### कलेक्टर प्रियंक मिश्रा राज्यपाल द्वारा प्रशस्ती पत्र एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को जिले में मांडू के जहाज महल के सामने कार्यक्रम का आयोजन

### राहवीर योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करें

### ओपीडी के समय डॉक्टर्स एवं स्टाफ की उपस्थिति सुनिश्चित करें- कलेक्टर प्रियंक मिश्रा



**धार।** कलेक्टर प्रियंक मिश्रा द्वारा आज प्रातः कलेक्टर सभा कक्ष में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई । बैठक में आयुष विभाग अंतर्गत 21 जून को होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि शासन स्तर से प्रदेश में 10 जिलों में बड़े स्तर पर आयोजित किए जाना है जिसमें जिले के मांडू स्थित जहाज महल के सामने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। जिसके नोडल अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत है। कार्यक्रम की आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु अधिकारियों के ड्यूटी ऑर्डर निकले जाने के निर्देश दिए। सभी को संबंधित अधिकारों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए। सभी को योग से जोड़े जाने हेतु काउंटडाउन कार्यक्रम आयोजित किए जाने के निर्देश। इस संबंध में व्यापक प्रचार प्रसार करे। योग प्रशिक्षकों की व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए। विकासखंड एवं पंचायत स्तर भी कार्यक्रम का आयोजन किया जाना हैं । कार्यक्रम में भाग लेने हेतु पंजीयन किया जाना है। सभी अपना पंजीयन आवश्यक तौर पर कराए एवं अन्य लोगों को भी योग से जोड़े जाने हेतु पंजीयन करने के लिए प्रेरित करें। जिले में आयोजित सभी स्थानों पर होने कार्यक्रम में सभी की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। समस्त अनुविभाय अधिकारी राजस्व को अपने अपने स्तर पर बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। महामहिम राज्यपाल की और से जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमाण्डर नगेश चन्द्र मालवीय (से.नि.) द्वारा प्रियंक मिश्रा, भारतीय प्रशासनिक सेवा को प्रशस्ती पत्र एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानीत किया। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा को प्रशस्ती पत्र एवं स्मृति चिन्ह महामहिम राज्यपाल की और से जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमाण्डर नगेश चन्द्र मालवीय (से.नि.) ने कलेक्टर सभाकक्ष में प्रदान किया। सशस्त्र सेना झण्डा दिवस 2023-24 में विभिन्न विभाग के माध्यम से धार जिले ने मध्यप्रदेश शासन द्वारा दी गई लक्ष्य राशि 10 लाख 54 हजार 900 रुपये से अधिक राशि रुपये 13 लाख 11 हजार 102 रुपये सैनिकों के कल्याण हेतु एकत्रित की जो कि लक्ष्य राशि का 124त्न है।

यह राशि पूर्व सैनिकों, शहीदों की विधवाओं, एवं उनके आश्रितों के कल्याण एवं पूर्नवास में संचालनालय सैनिक कल्याण मध्यप्रदेश द्वारा चलाई जा रही कई कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से उपयोग में ली जाती है। इस सराहनीय उपलब्धि के लिये राज्यपाल मंगू भाई पटेल द्वारा 23 अप्रैल 2025 को राजभवन में आयोजित विशेष सम्मान समारोह में धार कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, भारतीय प्रशासनिक सेवा को प्रशस्ती पत्र एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया किया।

कृषि विभाग अंतर्गत विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। विकसित कृषि संकल्प अभियान एक राष्ट्रव्यापी अभियान है, जिसे भारतीय कृषि के आधुनिकीकरण के लिये वैज्ञानिक प्रसार, स्थायी प्रथाओं और किसान सशक्तीकरण के माध्यम से प्रारंभ किया गया है। विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत फसल उत्पादन, मृदा स्वास्थ्य और संसाधन प्रबंधन को सुधारने के लिये समय से क्षेत्रीय स्तर पर कृषकों को मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। यह अभियान 12 जून तक चलाया जाना है। इस संबंध में अधिक से अधिक कृषकों को कभी दिलाई जाने हेतु व्यापक प्रचार प्रसार किया जाने के निर्देश दिए गए।

जिला परिवहन अधिकारी को वाहनों पर प्रभावी कार्यवाही अनुज्ञा, उपयुक्तता, बीमा, सड़क सुरक्षा के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। जिला परिवहन अधिकारी द्वारा बताया गया कि अभी कुछ दिन पहले ही वाहनों में महिला सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए चलानी कार्यवाही की है।

## कपड़ा फैक्ट्री की आग ने फिर एक बार खोली नगर निगम अग्निशमन विभाग की पोल



**बुरहानपुर।** उद्योग नगर की एक कपड़ा फैक्ट्री में भीषण आग ने फिर एक बार नगर निगम के अग्निशमन विभाग की पोल खोल कर रख दी है इससे पूर्व भी उद्योग नगर की फैक्ट्री में आग लगने पर नगर निगम के फायर अमले के देरी से पहुंचने तथा आग बुझाने के संसाधनों की कमी और अप्रशिक्षित फायर हमले के कारण आग पर काबू नहीं पाने के मामले सामने आ चुके हैं इसके बाद सुधार की बात की जा रही थी परंतु उद्योग नगर में एक कपड़ा फैक्ट्री में भीषण अग्निकांठ का मामला सामने आया है जहां नगर निगम के अग्निशमन यंत्रों की कमी और आप प्रशिक्षित स्टाफ वहीं कपड़ा फैक्ट्री में भी अग्निशामक यंत्रों के एक्सपायरी डेट के सिलेंडर के साथ आग बुझाने के संसाधनों की कमी में आग को बढ़ाने में मदद की इसके साथ ही कपड़ा फैक्ट्री में आवश्यकता से अधिक केमिकल और तेजाब का बड़ा जखीरा आग को विकराल रूप दे गया यहां समय-समय पर फायर सेफ्टी को लेकर संबंधित विभाग की लापरवाही भी उजागर हुई है इस भीषण आग पर काबू पाने के लिए जिले भर के फायर फाइटर टैंकर और पड़ोसी जिलों के भी फायरफाइटर को बुलाकर आग पर काबू पाया जा सका इस भीषण आग में अच्छा यह हुआ कि यहां कोई जनहानि नहीं हुई करोड़ों की इस कपड़ा फैक्ट्री में आग पर काबू पाने के लिए प्रबंधन के द्वारा कोई पुख्ता व्यवस्थाएं नहीं की गई वही उद्योग विभाग इन फैक्ट्री को लाइसेंस जारी करने से पूर्व इस मामले पर ध्यान नहीं देता है जिसका परिणाम सामने है।

# भारत विकास परिषद सांदीपनि ने किया विकसित पौधों का रोपण



**उज्जैन।** भारत विकास परिषद सांदीपनि द्वारा पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ कर मुनिनगर स्थित उद्यान में स्थानीय कालोनी वासियों से संपर्क कर उनसे एवं सदस्यगणों से रिक्त भूमि पर विकसित पौधों का रोपण करवाया गया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा कन्वीनर रविन्द्र सोनी, रीजनल सेक्रेटरी ओमप्रकाश गुप्ता की विशिष्ट उपस्थिति रही।

संरक्षक ईश्वर पटेल, अध्यक्ष अनिल वैष्णव एवं उपाध्यक्ष नवीन ठाकुर ने पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर अपने विचार रखे।

कोषाध्यक्ष अदिति अमित साबू, पर्यावरण टोली के देवेन्द्र पाठक, संजय शाह, खेमजी भाई, निति पोल, विनोद उपाध्याय, आशीष चौहान, अशोक गुप्ता, आशीष मेहता, दीपक सक्सेना, रूकमणि गुप्ता, कविता गुप्ता, मनीषा ठाकुर, तरूश्री मेहता एवं मुनिनगर सोसायटी के सदस्यगणों ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। सचिव मनीषा अग्रवाल ने महत्वपूर्ण कार्य सहयोग हेतु सभी का आभार प्रकट कर पौधों के संरक्षण हेतु सभी को शपथ दिलवाई।

# ज्ञान ज्योति जैन संस्कार शिविर हुआ शुभारंभ

**ग्वालियर।** परम पूज्य आचार्य श्री पुलक सागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद एवं गणिनी प्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी की प्रेरणा से तीर्थंकर ऋषभदेव जैन विद्वत् महासंघ, हस्तिनापुर के तत्वावधान में जैन बालिका जागृति मंच मामा का बाजार के द्वारा 09 से 16 जून तक आठ दिवसीय ज्ञान ज्योति जैन संस्कार एवं शिक्षण शिविर का मामा का बाजार स्थित ऋषभ जैन धर्मशाला में भव्य शुभारम्भ हुआ। इस शिविर में जैन समाज के विद्वान नन्हे मुन्ने बच्चों में जैन धर्म के सिद्धांत का बीजारोपण करने के साथ सुसंस्कार की शिक्षा प्रदान करेंगे।

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि डी. के. जैन पत्रकार और अध्यक्षता बसंत कुमार जैन, शिविर के अधिष्ठाता पंडित चन्द्र प्रकाश जैन चन्दर ने दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों का सम्मान शिविर की संयोजिका मंजू जैन, प्रभा जैन ओर सुनीता जैन ने किया। अतिथियों ने शिवार्थियों के अध्ययन करने वाली किट का विमोचन कर शिवार्थियों को



वितरण की गई।

### शिविर में ये देगे जैन धर्मगुरु शिवार्थियों को धर्म संस्कार की शिक्षा

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि आठ दिवसीय संस्कार शिविर में शिविर के अधिष्ठाता पंडित चन्द्र प्रकाश जैन चन्दर, रविन्द्र कुमार जैन गुरुजी, श्रीमती अनुपमा जैन सुरत्न एवं श्रीमती प्रीति जैन शिविर में भाग 1, 2, 3 एवं छहढाला की कक्षाओं में धर्म संस्कार की शिक्षा प्रदान करेंगे।

### बच्चे देश और समाज के भावी संरक्षक हैं, इन्हें धर्म के संस्कार देना जरूरीः पंडित चंद्रप्रकाश

इस अवसर पर शिविर अधिष्ठाता पंडित चन्द्र प्रकाश जैन चन्दर ने कहा कि बच्चे देश और समाज के भावी संरक्षक हैं । जैसे बच्चों को भविष्य निर्माण के लिए लौकिक शिक्षा की आवश्यकता है उसी प्रकार उन्हें श्रेष्ठ राष्ट्र, समाज और परिवार के निर्माण के लिए नैतिक-धार्मिक संस्कारों की अत्यन्त आवश्यकता है, तभी वे देश के अच्छे नागरिक और भारतीय संस्कृति के सच्चे संरक्षक बन पाएंगे ।

शिविर की सहयोगी संस्थाओं श्री दिगम्बर जैन वरैया पंचायती बड़ा मंदिर कमेटी, मामा का बाजार, आजितनाथ विहर्ष महिला मंडल एवं हर्ष बहू मंडल मामा का बाजार ने शिविर में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया । उद्घाटन सत्र का संचालन अनुपमा जैन सुरत्न ने किया ।

## माकपा की तीन दिवसीय राज्य समिति की बैठक 21 से

**ग्वालियर।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की राज्य समिति की विस्तारित बैठक 21,22 और 23 जून को ग्वालियर मे आयोजित की जा रही है।

माकपा के जिला सचिव एम के जायसवाल द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक इस बैठक मे प्रदेश भर से नेता गण भाग लेंगे, साथ ही साथ इस बैठक मे दो दिन तक पार्टी के नव निर्वाचित महासचिव कॉमरेड एम ए बेबी भी उपस्थित रहेंगे, उनके आलावा पार्टी के पोलित ब्यूरो सदस्य एवं मध्य प्रदेश के प्रभारी आर अरुण कुमार भी बैठक मे रहेंगे।

माकपा के जिला सचिव जायसवाल ने बताया है की 21 जून को राष्ट्रीय महासचिव के आगमन के अवसर पर हजीरा स्थित इंटक मैदान पर एक जन सभा भी आयोजित की जायेगी, जानकारी के अनुसार इसके लिए पार्टी कार्यकर्ता पूरे जोश के साथ तैयारी मे जुट गए है, और आम सभा को सफ़ल बनाने के लिए जनसंपर्क मे जुटे है।

» न्यूज कैप्सूल »

## अजब-गजब जालसाजी

### इरशाद ने निशा के नाम से फर्जी आईडी बनाकर असलम से की ठगी आरोपी अश्लील वीडियो भेजकर वीडियो कॉल करता फिर स्क्रीन रिकॉर्डिंग कर ब्लेकमेल कर वसूलता था रकम

**भोपाल।** भोपाल के गुनगा थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक ऐसे साइबर ठग इरशाद को गिरफ्तार किया है, जिसेन फेसबुक पर निशा जैन नाम से फर्जी आईडी बनाकर असलम से ठगी की थी। आरोपी 'निशा जैन' नाम से फेसबुक पर फर्जी आईडी बनाता, फिर ग्रुप्स में जुड़कर लोगों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजता। चैटिंग कर दोस्ती बढ़ने पर वह अश्लील (न्यूड) वीडियो भेजता और वीडियो कॉल करने को कहता। वीडियो कॉल में वह स्क्रीन रिकॉर्डिंग कर लेता और फिर पीड़ित का चेहरा जोड़कर ब्लैकमेलिंग कर पैसे वसूलता था। 8वीं पास शातिर आरोपी इरशाद कम रकम की ठगी करता, कम पैसे लिये जाने पर पीड़ित पुलिस में शिकायत भी नहीं करते थे। लेकिन फरियादी असलम ने हिम्मत कर उसकी शिकायत की जिसके बाद पुलिस ने उसे धर दबोचा। पुलिस ने बताया राजस्थान के अलवर जिले का रहने वाला 31 वर्षीय इरशाद भोपाल के हर्राखेड़ा गांव में छिपकर साइबर ठगी की वारदातो को अंजाम दे रहा था। टीआई हरिशंकर वर्मा ने बताया की ग्राम बरुआ खार, थाना शमशाबाद, जिला विदिशा के रहने वाले फरियादी असलम खान मंसूरी (49) ने थाना पुलिस को लिखित शिकायत करते हुए बताया की बीती 7 जून की सुबह करीब पौने बारह बजे वह भोपाल जा रहा था, रास्ते में उसकी फेसबुक आईडी पर 卐निशा जैन卐 नाम की प्रोफाइल से मैसेज और बाद में वीडियो कॉल आया। जैसै ही उसने वीडियो कॉल रिसीव किया तब उसे स्क्रीन पर एक युवती न्यूड हालत में अश्लील हरकतें करते हुए नजर आई। कुछ सेकंड बाद उसने कॉल काट दिया। इसके थोड़ी देर बाद उसी आईडी से उसके मोबाइल पर एक वीडियो क्लिप भेजी गई। इस क्लिप में उसके वीडियो कॉल करने की स्क्रीन रिकॉर्डिंग थी। फिर आरोपी ने उसे फोन कर ब्लैकमेल करते हुए 2 हजार रुपये देने की मांग की और क्यूआर कोड भेजा, असलम ने डरकर 490 रुपये ट्रांसफर किए, लेकिन इसके बाद भी उसे और रकम देने के लिये धमकियां मिलना जारी रहीं। आरोपी की और से बाद में एक दूसरे व्हाट्सएप नंबर से एडीजी गौरव मल्होत्रा नाम और पुलिस अधिकारी की प्रोफाइल फोटो के साथ मैसेज आए, जिससे फरियादी और परेशान होकर थाने जा पहुचां। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मामला कायम कर उसकी तलाश शुरु की। तकनीकी जांच के दौरान हाथ लगे सुरागो के आधार पर पुलिस ने ग्राम हर्राखेड़ा में दबिश देते हुए आरोपी इरशाद पिता मौज खॉन (31) निवासी ग्राम छतरपुर, तहसील. गोविंदगढ़, जिला अलवर (राजस्थान) को पकड़ लिया। टीम ने उसके पास से 1 लाख 15 हजार कीमत के तीन महगें मोबाइल फोन बरामद किये है। आरोपी ने खुलासा किया की वह इलाके में ही रहकर अश्लील वीडियो कॉलिंग के जरिये लोगो को ब्लैकमेलिंग कर उनसे पैसा वसूलता था। टीआई ने बताया की शातिर आरोपी इरशाद ठगी की रकम को कैश न निकालते हुए किसी भी दुकान पर पहुंचता और वहां शॉपिंग करने वाले व्यक्ति को अपनी परेशानी बताकर कन्वेंस करते हुए अपने कार्ड से उनका पेमेंट कर देता और उनसे नगद पैसा लेकर उड़ा देता था। आरोपी का बैंक रिकार्ड खंगालने पर शुरुआती जांच में आरोपी द्वारा 5-6 लोगों के साथ इस तरह की ब्लैकमेलिंग कर रकम वसूलने की घटनाएं सामने आई है। हालांकि कम रकम और सामाजिक बदनामी के चलते पीड़ित शिकायत करने आगे नहीं आ रहे हैं, लेकिन पुलिस ने बैंक रिकार्ड को जांच में शामिल किया है।

### एम्स के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर से लेकर पुलिस कमिश्नर, कलेक्टर तक की फर्जी आईडी बना चुके है ठग

**भोपाल।** साइबर ठग लोगो को ठगने के लिये लगातार नये-नये हथकंडे अपनाते रहते है। जालसाजो ने लोगों को लूटने के लिए अब मैदान में तैनात आईएस, आईपीएस अधिकारियो के साथ ही अन्य विभाग के अधिकारियो के नामो का इस्तेमाल कर रहे है। ठग अफसरो के नाम से फर्जी सोशल मीडिया आईडी बनाकर उनके परिचिता से पैसे मांगने या फिर अपने परिचित का ट्रांसफर होने पर उसका सामान बिकवाने या अन्य तरीके से मदद करने की बात करने का मैसैज भेज कर ठगी कर रहे है। इसी कड़ी में बीते दिनो ठगोरो ने भोपाल के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के कार्यपालक निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) अजय सिंह की फर्जी सोशल मीडिया आईडी बनाकर लोगों से पैसे मांगने का मामला सामने आया है। हालांकि जानकारी मिलते ही एम्स भोपाल ने अलर्ट जारी कर लोगो से ऐसे ठगो ने सावधान रहने की अपील जारी की थी। जानकारी के अनुसार बीते एम्स भोपाल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि असामाजिक तत्वो द्वारा एम्स के निदेशक की बार-बार फेक आईडी बनाई जा रही है। फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल बनाकर लोगों को गुमराह किया जा रहा हैं और उनसे पैसे मांग रहे हैं। आम लोग सोशल मीडिया पर किसी भी संदिग्ध प्रोफाइल से सतर्क और बिना पूरी जांच-पड़ताल किए किसी भी तरह का पैसों का लेन-देन न करें। इससे पहले साइबर ठग आर्मी ऑफिसर बनकर लोगों से ठगी की वारदातो कर चुके है। और डिजिटल अरेस्ट के नाम पर फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर डरा-धमाकर कई लोगो से लाखो की रकम ऐंठ चुके है।

# 12 घंटे बाद बुझी पुट्ठा फैक्ट्री की आग

### 50 दमकलें-टैंकर आग बुझाने में लगी रही

**भोपाल।** गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया के एच सेक्टर आदर्श नगर स्थित वरुण इंटरप्राइजेज पुट्ठा (पेपर के गत्ते) बनाने की फैक्ट्री में करीब 12 घंटे तक आग सुलगती रही। आज सुबह 7 बजे तक भी धुआं निकलता रहा। देर रात 50 से ज्यादा दमकलों और टैंकरों की मदद से भीषण आग पर काबू तो पा लिया गया था, लेकिन पुट्ठों की वजह से वह बार-बार सुलगती रही। फैक्ट्री में रखे कागज के रोल और प्लास्टिक की मौजूदगी के कारण आग ने विकराल रूप ले लिया। आग बुझाने के लिए शहर के सभी फायर स्टेशनों से दमकल वाहन मौके पर पहुंचे। कुल 10 फायर फाइटर, 2 वाटर बाऊजर और 8 टैंकर ने करीब 5-5 बार पानी की



रिफिलिंग कर आग पर काबू पाने की कोशिश की। 50 से ज्यादा टैंकर और दमकलें आग बुझाने में लगे रहे।

बता दें कि फैक्ट्री में रविवार शाम 7 बजे आग लग गई थी। आग तेजी से फैलती की गई। इस वजह से पास की झुग्गी बस्ती को तत्काल खाली कराना पड़ा। झुग्गियों तक आग न पहुंचे, इसके लिए सबसे पहले दमकलकर्मियों ने वहीं मोर्चा संभाला। इसके बाद फैक्ट्री के अंदर की आग पर काबू पाने की कोशिश रात भर चलती रही। हालांकि, सुबह तक आग काबू में आ गई, लेकिन कुछ जगहों से वह बार-बार सुलग रही थी। इस कारण दमकलें मौके पर ही तैनात रही।

#### बंद फैक्ट्री का ताला तोड़ा

जानकारी के अनुसार, रविवार होने से फैक्ट्री बंद थी, इसलिए फायर फाइटर्स ने दरवाजा तोड़ा। तभी आग से जलकर टीन शेड से बनी छत नीचे गिर गई। इससे फायरमैन को अंदर घुसने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। हालात को देखते हुए मौके पर जेसीबी बुलाकर टीन शेड हटाया गया। आग से पूरे क्षेत्र में दहशत फैल गई। देर रात तक लोग झुग्गियों से बाहर सड़कों पर डटे रहे। घटना की सूचना पर फायर ब्रिगेड के साथ ही अशोका गार्डन थाने से पुलिस बल भी मौके पर पहुंचा। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका था।

# एमपी हाईकोर्ट ने दिए निर्देश

### 75 अभ्यर्थियों को छोड़कर जारी होगा नीट यूजी का रिजल्ट

**भोपाल।** मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने याचिका लगाने 75 अभ्यर्थियों को छोड़कर बाकी सभी के नीट यूजी परीक्षा के परिणाम घोषित करने के निर्देश दे दिए हैं। माना जा रहा है कि नीट यूजी का रिजल्ट 14 जून को जारी किया जा सकता है।

नीट यूजी यानी राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (स्नातक) संबंध में मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ में चल रही याचिकाओं पर सुनवाई हुई। पिछली सुनवाई पर नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने रिपोर्ट पेश कर कहा था कि परीक्षा दोबारा आयोजित करने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि सिर्फ 75 अभ्यर्थियों ने ही परीक्षा के दौरान हुई अव्यवस्था को लेकर याचिका दायर की है।

#### प्रभावित केंद्रों पर 8790 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी थी

इस संबंध में चल रही 50 से ज्यादा याचिकाओं पर मप्र हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ में सुनवाई हुई थी, तब नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि इंदौर-उज्जैन के प्रभावित केंद्रों पर 8790 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी थी। इसके साथ ही एनटीए ने नीट यूजी के संपूर्ण परीक्षा परिणाम को घोषित करने की अनुमति देने की मांग की थी। नीट यूजी के लिए इंदौर में 49 केंद्र बनाए गए थे। चार मई को परीक्षा के दिन इंदौर में मौसम बदला और जोरदार वर्षा के चलते पूरे शहर में बिजली गुल हो गई थी। परीक्षा केंद्रों पर बिजली गुल होने पर कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं थी। कई परीक्षा केंद्र में अंधेरा छा गया था और परीक्षार्थियों को मोमबत्ती की रोशनी में परीक्षा देनी पड़ी थी।

# विहिप ने शुरू किया जिम, लव, सेक्स, जिहाद के विरुद्ध जन जागरण



**भोपाल।** विश्व हिंदू परिषद के प्रांत अध्यक्ष किशन लाल शर्मा एवं विश्व हिंदू परिषद प्रांत विधि प्रमुख देवेंद्र रावत ने बॉडी टेंपल जिम टीटी नगर में हनुमान जी की पूजन कर हनुमान चालीसा का पाठ करवाया। प्रांत अध्यक्ष किशन लाल शर्मा ने जिम में उपस्थित युवाओं को भोपाल तथा इंदौर की लव, सेक्स, जिहाद की विस्तार से जानकारी दी और आग्रह किया कि मुस्लिमों के द्वारा योजनांतर्गत हिन्दू बहनों के साथ जिम, लव, सेक्स, जिहाद किया जा रहा है, उसे रोकने के लिए हमें सतर्क रहने तथा अपने लोगों को ट्रेनर बनाने की आवश्यकता है।

प्रांत विधि प्रमुख देवेंद्र रावत ने भी लव, जिम जिहाद को रोकने के उपाय बताकर युवाओं को संकल्प कराया कि जिम तथा आसापास लव जिहाद की घटनाओं रोकेंगे। जिम के संचालक जितेंद्र जायसवाल ने जिम जिहाद रोकने के लिए मप्र सरकार से मांग की है कि जिम का पंजीयन अनिवार्य कराया जाए, जिम ट्रेनर की शैक्षणिक योग्यता कम से कम दसवीं कराया जाए, ट्रेनर के द्वारा किसी भी प्रकार का नशा या धूमपान करने पर रोक लगाया जाए तथा युवतियों को महिला ट्रेनर के द्वारा ही प्रशिक्षण दिया जाए। इस अवसर पर बालिस्ता रावत, कैलाश सोनी, जिम ट्रेनर विजय यादव प्रेम तथा अनेकों जिम प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

# मप्र भाजपा अध्यक्ष के चुनाव पर असमंजस बरकरार

### 16 जून के बाद हो सकता है संगठन चुनाव का एलान

**भोपाल।** मप्र भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव को लेकर बीते पांच महीनों से सस्पेंस बना हुआ है। पार्टी कार्यकर्ता और संगठन से जुड़े पदाधिकारी इस सवाल का जवाब जानना चाहते हैं कि आखिर यह चुनाव कब होगा। हालांकि, अब संकेत मिल रहे हैं कि 16 जून के बाद चुनाव कार्यक्रम की घोषणा हो सकती है। दरअसल, जनवरी में पार्टी ने प्रदेश के सभी 60 संगठनात्मक जिलों में जिला अध्यक्षों की घोषणा कर दी थी। बूथ, मंडल और जिला स्तर के चुनाव पूरे हो चुके हैं। पहले दावा किया गया था कि फरवरी में प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव कराया जाएगा, लेकिन अलग-अलग कारणों से इसे लगातार टाल दिया गया। प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव न हो पाने के पीछे राष्ट्रीय स्तर की कुछ बड़ी वजहें सामने आई हैं। इस दौरान दिल्ली विधानसभा चुनाव और फिर पहलगाम में हुए आतंकी हमले की वजह से पार्टी का पूरा ध्यान अन्य मुद्दों पर केंद्रित हो गया। साथ ही, राष्ट्रीय अध्यक्ष पद को लेकर संगठनात्मक प्रक्रिया भी लंबी खिंच गई, जिससे प्रदेशों के चुनाव टलते गए।

मप्र भाजपा मुख्यालय में बीते कुछ महीने से सन्नाटा है. आवेदन लेकर और अपनी नई भूमिका की तलाश में पार्टी मुख्यालय पहुंचने वाले कार्यकर्ता भी हताश हैं। उन्हें बताया जा रहा है कि अब जो भी होगा पार्टी संगठन में हुई नए बदलाव के बाद ही होगा। कार्यकर्ता निराश स्वर में कहते हैं, जनवरी में पार्टी को नया अध्यक्ष मिल जाना था, लेकिन अब तक नहीं मिल पाया है। पार्टी में कई कार्यकर्ता हैं जो ये जानते हैं कि उनको नई भूमिका तभी मिल पाएगी, जब संगठन में नया नेतृत्व आएगा, जो लंबे समय से लंबित है।

#### पचमढ़ी प्रशिक्षण वर्ग के बाद मिल सकते हैं स्पष्ट संकेत

अब पार्टी सूत्रों के अनुसार, 14 से 16 जून तक पचमढ़ी में भाजपा के विधायकों और सांसदों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर का उद्घाटन गृह मंत्री अमित शाह करेंगे, जबकि समापन सत्र में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की मौजूदगी तय है। ऐसे में माना जा रहा है कि शिविर के बाद प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव की तिथि घोषित कर दी जाएगी। इस संबंध में राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी डॉ. के. लक्ष्मण ने हाल ही में बयान दिया कि चुनाव की तिथि तय नहीं है, लेकिन कहा कि सब कुछ तय समय पर होगा।

#### प्रदेश अध्यक्ष के ये दावेदार

मप्र भाजपा का अगला प्रदेश अध्यक्ष कौन बनेगा इसे लेकर कई नेताओं के नामों की चर्चाएं और कयास लंबे समय से लगाए जा रहे हैं। वर्तमान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा इस रेस में सबसे आगे माने जा रहे हैं और इसका कारण उनके कार्यकाल में मध्यप्रदेश में भाजपा की अपार सफलता है । इसके साथ ही बैतूल विधानसभा सीट से विधायक हेमंत खंडेलवाल, पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा, राज्यसभा सांसद सुमेर सिंह सोलंकी, मंडला लोकसभा सीट से सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, अनुसूचित जाति के होने के कारण लाल सिंह आर्य के नाम चर्चाओं में बने हुए हैं।

# मप्र में आम आदमी पार्टी शुरू करेगी संवाद यात्रा

### दिल्ली के पूर्व मंत्री को सौंपी एमपी की कमान

### प्रदेश के सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी आम आदमी पार्टी

**भोपाल।** दिल्ली में मिली बड़ी हार के बाद आम आदमी पार्टी अब मध्य प्रदेश में विस्तार करेगी। दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने पूर्व मंत्री जितेंद्र सिंह तोमर को मध्य प्रदेश में पार्टी की कमान सौंपी है। मध्य प्रदेश में आम आदमी पार्टी प्रदेश स्तरीय संवाद यात्रा निकलेगी इसके लिए आब्जर्वर नियुक्त किए जाएंगे। सोमवार को दिल्ली के पूर्व मंत्री जीतेन्द्र सिंह तोमर ने भोपाल में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी।

मध्यप्रदेश आप प्रभारी जीतेन्द्र सिंह तोमर ने संवाद यात्रा के बारे में बताते हुए कहा कि पार्टी ने मध्यप्रदेश में होने वाले स्थानीय चुनावों में सभी सीटों पर लड़ने का फैसला किया है। अपने संगठन को मजबूत करने के लिए, 230 विधानसभाओ में प्रभारियों की करेंगे नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि आम आदमी पार्टी जल्द ही पूरे मध्यप्रदेश में संवाद यात्रा शुरू करने जा रही है। ये अभियान भोपाल से शुरू होगा और इसका मकसद राज्य में बदलाव लाना है।

#### प्रदेश में बदलाव लाना संवाद यात्रा का उद्देश्य

जीतेन्द्र सिंह तोमर ने आगे कहा कि संवाद यात्रा का उद्देश्य राज्य में बदलाव लाना है। तोमर ने बताया कि हमने आज भोपाल में प्रदेश कार्यकर्ताओ की बैठक का दौर जारी हैं जो अगले एक हफ्ते तक ज़ोन वाइज चलेगा। इस बैठक में सभी प्रदेश पदाधिकारिओं, जिला अध्यक्ष एंव सभी कार्यकर्ताओं ने मध्यप्रदेश में परिवर्तन लाने का संकल्प लिया है।

#### कार्यकर्ताओं से वन टू वन चर्चा कर रहे हैं तोमर

जानकारी के लिए बता दें कि जब से अरविंद केजरीवाल ने जीतेन्द्र सिंह तोमर को पार्टी की जिम्मेदारी दी है तोमर मध्य प्रदेश पहुंचकर तैयारी शुरू कर दी है। जीतेन्द्र सिंह तोमर पार्टी के सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से वन टू वन चर्चा कर कार्यों की समीक्षा कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार भोपाल से शुरू होने वाले इस अभियान में भारी संख्या में आप कार्यकर्ता जुटाने की संभावना है।

### एमएसपी पर मूंग खरीदी की मांग में किसान संघ भी कूदा

**भोपाल।** उड़द, मूंग की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदी न होने के कारण प्रदेश के 16 से अधिक जिलों के किसान परेशान है। जिसको लेकर कुछ जिलों में किसानों ने स्वप्रेरणा से आंदोलन छेड़ रखा है। प्रदेश में किसानों के सबसे बड़े संगठन भारतीय किसान संघ ने रविवार को उड़द मूंग खरीदी विषय पर प्रदेश टोली की ऑनलाइन बैठक की। जिसमें निर्णय लिया गया कि समर्थन मूल्य पर फसलों की खरीदी की मांग को लेकर 10 जून को तहसील मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष कमल सिंह आंजना ने बताया कि उड़द, मूंग सहित अन्य फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी सुनिश्चित करने की मांग को लेकर प्रदेश के सभी तहसील मुख्यालयों पर भारतीय किसान संघ धरना प्रदर्शन व ज्ञापन के कार्यक्रम आयोजित होंगे। हमारा यह प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से होगा। इसके बाद भी यदि सरकार नहीं सुनेगी तो प्रदेश के सभी जिला केंद्रों पर ट्रैक्टर रैली जैसे उग्र प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी। भारतीय किसान संघ की प्रदेश टोली बैठक में महाकौशल प्रांत से प्रधानमंत्री एमएसपी समिति के सदस्य प्रमोद चौधरी, राजेंद्र शर्मा, मध्यभारत प्रांत से क्षेत्र संगठन मंत्री महेश चौधरी, प्रांत महामंत्री चंद्रकांत गौर, प्रांत संगठन मंत्री मनीष शर्मा शामिल रहे।

# पीडब्ल्यूडी के इंजीनियरों की लापरवाही

### बिना प्लान जाने बना दी 20 करोड़ की सड़क

**भोपाल।** अक्टूबर 2018 में जब राजधानी में मेट्रो की डीपीआर को केंद्र की मंजूरी मिली थी, तभी यह तस्वीर साफ हो गई थी कि मेट्रो का रूट क्या होगा। लेकिन विडंबना यह है कि लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों और इंजीनियरों को इसकी सुध तक नहीं रही। शायद यही वजह है कि जिस रूट पर मेट्रो के पिलर लगने थे पीडब्ल्यूडी के इंजीनियरों ने वहां सड़क बना दी। पीडब्ल्यूडी के इंजीनियरों की लापरवाही के कारण सरकार के 20 करोड़ रूपए पानी में चले गए हैं, क्योंकि उस सड़क पर अब पिलर के लिए गड्ढे खोदे जा रहे हैं।

गौरतलब है की लोक निर्माण विभाग अपनी लापरवाही के लिए ख्यात है। विभाग के इंजीनियर मनमर्जी से जनता के पैसों को बर्बाद करने में तुले हुए हैं। दरअसल पीडब्ल्यूडी के इंजीनियरों को मालूम था कि करोंद चौराहे से लेकर कृषि उपज मंडी तक मेट्रो का काम किया जाना है। फिर भी उधर लगभग डेढ़ साल पहले 20 करोड़ रुपये खर्च कर सीसी रोड बना दी। चूंकि वर्तमान में मेट्रो प्रोजेक्ट का काम चल रहा है। ऐसे में लगभग दो किलोमीटर लंबी सड़क पर जगह-जगह बेरिकेड्स लगाकर पिलर बनाने के लिए गड्ढे किए जा रहे हैं। इसके चलते न सिर्फ सड़क संकरी हो गई है । बल्कि कई जगह से सड़क की सूरत बिगड़ चुकी है। उक्त सड़क पर ट्रैफिक जाम होना जैसे आम बात है। पीक अवर में निकलने में वाहन चालक और राहगीरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कुल मिलाकर इंजीनियरों की लापरवाही की वजह से जनता के करोड़ों रुपयों पर पानी फिर गया है। जहां से लोग आराम से निकलते थे। उस सड़क पर आज खड़ा होना मुश्किल हो गया है।

#### आंदोलन के बाद बनी थी सड़क

बता दें कि स्थानीय लोगों के धरना-प्रदर्शन और आंदोलनों के बाद सड़क का निर्माण 2023 में लगभग 20 साल बाद हुआ है, लेकिन सड़क बनने के करीब आठ महीने बाद ही करोंद से मंडी तक इस पूरी सड़क के बीचों बीच 80 फीट की सड़क पर बैरिकेडिंग कर दी। अब सड़क के दोनों तरफ आठ से दस फीट का हिस्सा ही निकलने के लिए बचा है।

# 1900 सबस्टेशनों का भी नई योजना के तहत किया चयन, आज सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना समिट का भी आयोजन

### 300 निवेशक लगाएंगे 14 हजार मेगावॉट के सोलर प्लांट

**भोपाल।** सोलर ऊर्जा को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। भोपाल में भी घर, दफ्तर, फैक्ट्रियों में बड़ी संख्या में सोलर संयंत्र लगाए जा रहे हैं। अब कुसुम-सी योजना के तहत भी 14 हजार मेगावॉट से अधिक के सोलर संयंत्र स्थापित किए जाएंगे और मंगलवार को सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना का आयोजन भी भोपाल में किया गया है, जिसमें भोपाल सहित प्रदेश और देश के लगभग 300 निवेशकों ने रजिस्ट्रेशन करा लिए हैं और लगभग 20 हजार करोड़ रुपए से अधिक का निवेश भी किया जाएगा। 1 मेगावॉट के प्रोजेक्ट पर 1 करोड़ तक की सब्सिडी दी जा रही है।

केंद्र सरकार की कुसुम सी योजना के साथ राज्य सरकार ने योजना शुरू की है। राज्य सरकार की योजना बिना सब्सिडी के लिए है। योजना में सब्सिडी का प्रावधान है। निवेशकों को इससे फायदा होगा छोटे निवेशकों को भी लाभ मिलेगा। सब स्टेशन की कैपेसिटी कम है, इसे बढ़ाया जा रहा है। समिट को लेकर मंत्री राकेश शुक्ला ने कहा, सूर्य मित्र कृषि फीडर्स योजना से किसानों को लाभ मिलेगा। इससे उन्हें दिन में भी बिजली मिलेगी। प्रदेश नवकरणीय ऊर्जा में लगातार आगे बढ़ रहा। समिट में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी शामिल होंगे। 300 लोगों ने इसके लिए रजिस्ट्रेशन कराया है। राज्य के साथ बाहर से भी निवेशक आ रहे हैं। प्रदेश कुसुम सी योजना में तीसरे नंबर पर है। कुसुम ए में प्रदेश दूसरे नंबर पर है।

#### 20 हजार करोड़ से अधिक के निवेश का अनुमान

गौरतलब है कि प्रदेश में कोयले से बनने वाली महंगी बिजली की निर्भरता को कम करने सरकार सोलर एनर्जी को बढ़ावा दे रहे हैं। इसके तहत अब मप्र में बड़े स्तर पर कुसुम सी योजना के तहत सोलर प्लांट स्थापित किए जाने का टारगेट है। प्रदेश की तीनों बिजली कंपनियों की मदद से ऊर्जा विकास निगम ने कुसुम सी योजना के तहत सोलर प्लांट के लिए सब स्टेशन चिन्हित कर लिए हैं। इन सब स्टेशन पर 14500 मेगावॉट के सोलर प्लांट लगाए जांएगे। इन सोलर प्लांट के लगने से 20 हजार करोड़ से अधिक के निवेश का अनुमान है। सोलर प्लांट लगाए जाने के लिए निवेशकों और किसानों को आमंत्रित किया जा रहा है। इसके लिए 10 जून को सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना समिट का आयोजन राजधानी में होगा। इस समिट के लिए अब तक 300 निवेशकों के पंजीयन हो चुके हैं। प्रदेश में कुसुम सी योजना के तहत लगने वाले सोलर प्लांट के लिए 1900 सब स्टेशन का चयन किया गया है। सोलर प्लांट लगने से किसानों को दिन के समय कम लागत में अधिक बिजली उपलब्ध कराई जा सकेगी। उन्होंने बताया कि इस योजना में किसानों को ज्यादा सुविधा दी जा रही है। अगर किसान अपनी जमीन पर कुसुम सी योजना के तहत सोलर प्लांट स्थापित करना चाहते हैं, तो बिना किसी शर्त के टेंडर प्रक्रिया में हिस्सा ले सकते हैं। इस योजना में निवेशकों के लिए कुछ शर्तें रखी गई हैं। प्रदेश में दूसरे राज्यों से अलग इस योजना का संचालन किया जा रहा है। यहां छोटे-छोटे सोलर प्लांट लगाए जा रहे हैं, जिससे किसान इस योजना में निवेश कर सकें। प्रदेश के किसानों को दिन के समय 10 घंटे तक बिजली उपलब्ध कराने का टारगेट रखा गया है। इससे किसानों को सस्ती दरों में बिजली मिल सकेगी और इससे सरकार पर सब्सिडी का बोझ भी कम होगा।

#### सरकार देगी बड़ी सब्सिडी

कुसुम सी योजना में 1 मेगावॉट के प्रोजेक्ट पर 1 करोड़ तक की सब्सिडी केंद्र सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही है। किसी भी सब स्टेशन के 5 किमी के दायरे में सोलर प्लांट स्थापित किया जाएगा। इन सोलर प्लांट से बनने वाली बिजली को सरकार खरीदेगी। इसके लिए 25 साल तक का अनुबंध किया जाएगा। इस योजना के तहत 7 साल तक एग्रीकल्चर इनका फंड से 3 प्रतिशत ब्याज की छूट भी मिलेगी। एसीएस ऊर्जा मनू श्रीवास्तव ने कहा कि इस योजना के तहत प्रदेश में दो प्रकार के सोलर प्लांट लगाए जाएंगे। एक ही सब स्टेशन पर सब्सिडी और नॉन सब्सिडी वाले सोलर प्लांट स्थापित किए जाएंगे। दरअसल केंद्र सरकार से प्रदेश को 1200 मेगवॉट क्षमता तक की सौर परियोजनाओं को सब्सिडी स्वीकृत हुई है। प्रदेश में कुसुम सी योजना के तहत इससे अधिक क्षमता के सोलर प्लांट लगाए जाने है। ऐसे में 1200 मेगावॉट क्षमता के बाद के सोलर प्लांट बिना सब्सिडी वाले होंगे। सब्सिडी और नॉन सब्सिडी वाले सोलर प्लांट एक ही स्थान पर लग सकेंगे।

## संपादकीय

# ट्रंप और मस्क के बीच सीज फायर?

पिछले 9 महीनों में अमेरिका की राजनीति और सत्ता समीकरण में जो परिवर्तन देखने को मिले हैं। वह सभी को आश्चर्य चकित करने वाले हैं। राष्ट्रपति पद का जब चुनाव चल रहा था। एलन मस्क ने चुनाव के लिये आकर एकाएक डोनाल्ड ट्रंप को हजारों करोड़ों रुपए की आर्थिक सहायता दी। चुनाव में उनका खुलकर साथ प्रचार किया। उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप को राष्ट्रपति बनाने के लिए अपना भविष्य दांव पर लगा दिया था। कोई भी कारोबारी इस तरह खुलकर राजनीति में भाग नहीं लेता है। जिस तरह से एलन मस्क ने अमेरिका में एंटी ली थी। तब उन्हें समझ नहीं आया था, कारोबारी क्यों राजनेताओं के साथ सीधे-सीधे नहीं जुड़ते हैं। बहरहाल छः महीने भी नहीं हुए, एलन मस्क को समझ आ गया है। नेताओं की ना तो दोस्ती अच्छी है, ना दुश्मनी अच्छी है। बहुत कम समय में बहुत सारे दांव पेंच अपनाने के बाद दोनों के बीच की दोस्ती और दुश्मनी की पराकाष्ठा में पहुंचने के बाद अब एकमात्र विकल्प दोनों के पास यह रह गया है। दोस्ती और दुश्मनी के विवाद को जितनी जल्दी शांत किया जाए, उतना ही दोनों के लिये अच्छा है। एलन मस्क जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के सलाहकार बने। उसके बाद से ही उनके खिलाफ अमेरिका सहित दुनिया के देशों में खिलाफत शुरु हुई।

अमेरिका में बड़े-बड़े प्रदर्शन हुए टेस्ला का बहिष्कार हुआ। डोनाल्ड ट्रंप के साथ सीधे जुड़ जाने के कारण दुनिया के अन्य देशों में भी उन्हें बड़ा कारोबारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। हाल ही में जब उनका ट्रंप के साथ नया विवाद सामने आया। एक ही दिन में मस्क को 13 लाख करोड रुपए का नुकसान उठाना पड़ा। पिछले 6 महीना की बात करें तो यह नुकसान लगभग 26 लाख करोड रुपए से ऊपर पहुंच गया है। एलन मस्क के कारोबार की नीव हिल गई है। टेस्ला की पूंजी में 29 फीसदी का घाटा हो चुका है। जिस तरह से एलन मस्क ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हमले किए, वह हमले कम कमजोर नहीं थे। एलन मस्क के हमले से डोनाल्ड ट्रंप को तुरंत कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। लेकिन अमेरिका की राजनीति तेजी के साथ बदलती हुई दिखाई दे रही है। एलन मस्क ने डोनाल्ड ट्रंप के ऊपर एप्सटीन फाइलों में दर्ज डोनाल्ड ट्रंप के नाम को लेकर ट्रम्प पर नाबालिक यौन उत्पीड़न से जोड़कर ट्रम्प को बहुत बड़ा नुकसान पहुंचाने का काम किया है। इसी तरह डोनाल्ड ट्रंप के निर्णयों को लेकर जिस तरह से एलन मस्क ने राष्ट्रपति ट्रम्प पर निशाना साधा है। उससे अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की स्थिति काफी कमजोर हो गई है। एलॉन मस्क ने अमेरिका में एक तीसरी पार्टी गठन करने की बात भी कह दी। डोनाल्ड ट्रंप और एलन मस्क के बीच की दुश्मनी चरम सीमा पर पहुंच गई। जिससे दोनों ही पक्षों को जबरदस्त नुकसान हो रहा था। ऐसी स्थिति में दोनों पक्षों ने सीज फायर करके विवादों को सुलझाने की कोशिश शुरू की है। यह कोशिश कहां तक परवान चढ़ेगी, कहना मुश्किल है। निसंदेह डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति हैं। उनके पास अभी बहुत से ऐसे अधिकार और शक्तियां हैं, जो एलन मस्क को तबाह कर सकती हैं। उसी तरह एलन मस्क भी कमजोर नहीं है। उनके पास एक्स ट्विटर है। जो अमेरिका सहित दुनिया भर में बड़ा प्रभावशाली संवाद प्लेटफार्म है।

अंतरिक्ष और सड़क पर एलन मस्क की कंपनी टेक्स्ला का दबदबा है। डोनाल्ड ट्रम्प वैसे भी अमेरिकी न्यायालय से दोषी ठकराये जा चुके हैं। उनकी सजा राष्ट्रपति बनने के कारण लंबित है। ऐसी स्थिति में डोनाल्ड ट्रंप आसानी से एलन मस्क को आर्थिक नुकसान नहीं पहुंचा सकते हैं। यह बात ट्रम्प को देर से समझ में आई, जब दोनों पक्षों को इसका अंदाजा हो गया, दोनों की लड़ाई में दोनों को ही भारी नुकसान है। वहीं फायदा किसी तीसरे को ही होगा। ऐसी स्थिति में दोनों ने मिलकर अब अपने विवादों पर विराम लगाने की कोशिश शुरु की है। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प ने आते साथ ही जिस तरह से टैरिफ वार शुरु की। दुनिया भर के प्रवासियों को अमेरिका से बाहर निकालने की शुरुआत की थी। इसका असर पूरी दुनिया में देखा जा रहा है। जिस तरह के हालात अमेरिका में बन गए हैं। उसके बाद यह भी कहा जाने लगा है। डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति के रूप में अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाएंगे। जल्द ही महाभियोग जैसी कार्यवाही अमेरिका में शुरू हो सकती है। जिसको देखते हुए डोनाल्ड ट्रंप की भी मजबूरी थी, वह एलन मस्क के साथ अपने विवादों को सुलझाने की दिशा में काम करें। वर्तमान में जो नरमी आई है, वह किसी निष्कर्ष तक पहुंचेगी। जब दो बड़े लोग लड़ते हैं, तो पब्लिक का नुकसान होता है। डोनाल्ड ट्रम्प जिस तरह से अमेरिका के राज्यों तथा न्यायपालिका के साथ टकराव बनाकर चले थे, जिस तरह की स्थितियां वर्तमान में देखने को मिल रही है, उसके बाद अब ट्रम्प भी टकराव की मुद्रा से दूर भागते दिख रहे हैं।

– सनत जैन

## राज काज

### स्कूटर और ऑटो में ढुल गई करोड़ों रुपए की धान

भारत के लोग बड़े जुगाड़ू होते हैं। जो कोई सोच नहीं सकता है। वह काम जुगाड़ू कर देते हैं। मध्य प्रदेश के जबलपुर कलेक्टर ने एक धन घोटाला पकड़ा है। इस घोटाले में करोड़ों रुपए की धान स्कूटर और ऑटो से ढोकर वेयर हाउस और चावल मिलों में पहुंचा दी। शिकायत आई, तब जांच की गई। जांच में यह खुलासा हुआ, जुगाड़ुओं ने अपने कौशल का प्रदर्शन कर करोड़ों रुपए की धान बेयर हाउस में जमा करा कर ऐसा काम किया है। जो संभव ही नहीं था। अब उनका नाम वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज करने की मांग की जा रही है।

### गोलाबारी के बीच ग्रेटा थनवर्ग पहुंची गाजा

स्विडिश की पर्यावरण कार्यकर्ता थनवर्ग जहाज मैं बड़ी संख्या में खाद्य पदार्थ और दवाइयां लेकर 7 जून को ईद के दिन गाजा पहुंच गई हैं। वह अपने साथ दूध, डायपर, अनाज, वॉटर, प्यूरीफायर, दवाइयां और अन्य जरूरी सामान लेकर वहां पहुंची हैं। इटली के द्वीप से 1 जून को वह रवाना हुई थी। 7 जून को वह गाजा पहुंच गई। उन्हें रोकने के बहुत प्रयास हुए। यह महिला हर खतरा उठाते इजरायली नाराजगी को नजर अंदाज करते हुए घायलों और बीमारी की मदद करने के लिए गाजा पहुंच ही गई। इस महिला की सारी दुनिया में चर्चा हो रही है। जुनून हो तो ऐसा।

### शराब कारोबारी माल्या ने बताया सरकार का सच?

भारत में किंगफिशर बीयर और किंगफिशर एयरलाइंस के मालिक विजय माल्या ने भारत सरकार का सच बताया है। उन्होंने कई वर्षों के बाद सच बोलने की हिम्मत जुटाई, तथ्यों के साथ उन्होंने अपने लोन का चिट्ठा खोल दिया। कागज खोलकर दिखाया कि हमने लोन कम लिया था। सरकार ने ज्यादा बताया। जितना लोन और ब्याज था उससे ज्यादा वसूल भी कर लिया। प्रधानमंत्री ने खुद अपनी चुनावी सभाओं में कहा। माल्या ने सरकार और प्रधानमंत्री के झूठ को बताया। यह भी कह दिया, उन्हें भारत आने नहीं दिया गया। भारत सरकार ने उसका पासपोर्ट कैंसिल कर दिया था। वह कभी भारत से भाग कर नहीं गए थे। जब समय बदलता है, तब विजय माल्या जैसे लोग भी बोलने लगते हैं। यह बात सरकार सरकार से जुड़े लोग कहने लगे हैं। यह सही है, विजय माल्या के स्पष्टीकरण का जवाब सरकार और भाजपा ने नहीं दिया है। सत्य छुपता नहीं है, कभी ना कभी तो बाहर निकलकर आ ही जाता है।

# बिरसा मुंडा का उलगुलान और आदिवासियों के समक्ष वर्तमान की चुनौतियां

**शहादत दिवस 9 जून पर विशेष**



कुमार कृष्णन

धरती आबा बिरसा मुंडा का उलगुलान भूमि से लेकर धर्म सम्बन्धी तमाम समस्याओं के खिलाफ जनसंघर्ष था तथा उन समस्याओं के खिलाफ राजनीतिक समाधान का प्रयास भी। वह आदिवासी और खासकर मुंडा समाज की आंतरिक बुराईयों और कमजोरियों को दूर करने का सामूहिक अभियान भी था। समाज की परंपरागत प्रकृति निर्भर तत्व ने आर्थिक समाजवाद की अवधारणा को बिरसा के अंदर जागृम किया। गांधी से पहले गांधी की अवधारणा के तत्व के उभार के पीछे भी बिरसा का समाज एवं पड़ोस के सूक्ष्म अवलोकन एवं उसे नयी अतंर्दृष्टि देने का तत्व ही था। तभी तो उन्होंने गांधी के समान समस्याओं को देखा.-सुना, फिर चिंतन-मनन किया। उन्होंने मुंडा समाज को पुनर्गठित करने का जो प्रयास किया, वह अंग्रेजी हुकूमत के लिये विकराल चुनौती बनी। नये बिरसाइत धर्म की स्थापना की तथा लोगों कों नई सोच दी, जिसका आधार सात्विकता, आध्यात्मिकता, परस्पर सहयोग, एकता व बंधुता था। समस्या के कारणों को ढूंढ़ 'गोरों वापस जाओ' का नारा दिया एवं परंपरागत लोकतंत्र की स्थापना पर वल दिया, ताकि शोषणमुक्त ' आदिम साम्यवाद ' की स्थापना हो सके। उन्होंने कहा - 'महारानी राज जाएगा एवं अबुआ राज आएगा।

1857 के गदर शांत होने के बाद सरदार आंदोलन संगठित जनांदोलन के रूप में शुरू हो गया। 1858 से भूमि आंदोलन के रूप में विकसित यह आंदोलन 1890 में राजनीतिक आंदोलन में तब्दील हो गया, जब बिरसा मुंडा ने इसकी कमान संभाली। बिरसा का जन्म 15 नवम्बर 1875 को खूंटी जिले के अड़की प्रखंड के उलिहातु गांव में हुआ था। व्यक्तित्व निर्माण और तालीम ईसाई मिशनरियों के संरक्षण में हुई। स्कूली शिक्षा के दौरान बिरसा में विद्रोह के लक्षण प्रकट होने लगे। आदिवासियों में भूतकेता पहनाई आदि की परंपरा है। वे धार्मिक कृत्यों के लिये जमीन छोड़ते हैं। उस समय ईसाई पादरी उस जमीन पर मिशन का कब्जा करने की कोशिश करते थे। बिरसा ने इसकी शिनाख्त ईसाई मिशनरियों और गोरों की साजिशों के रूप में की और इसकी वेबाक ढंग से आलोचना की, जिस कारण वे स्कूल से निकाल दिये गये। इसके बाद वे सरदार आंदोलन में शमिल हो गये। ईसाई मिशन की सदस्यता छोड़ 1890-91 से करीब पांच साल तक वैष्णव संत आनंद पांड से हिन्दुओं के वैष्णव पंथ के आचार का ज्ञान प्राप्त किय और व्यक्तिक तथा सामाजिक जीवन पर धर्म के प्रभाव का मनन किया। परंपरागत धर्म की ओर उनकी वापसी हुई और उन्होंने धर्मोपदेश देना तथा धर्माचरण का पाठ पढ़ाना शुरू किया। ईसाई धर्म छोड़नेवाले सरदार बिरसा के अनुयायी बनने लगे। बिरसा का पंथ मुडा जनजातीय समाज के पुनर्जागरण का जरिया बना। उनका धार्मिक अभियान प्रकारांतर से आदिवासियों को अंग्रेजी हुकूमत और ईसाई मिशनरियों के विरोध में संगठित होकर आबाज बुलंद करने को प्ररित करने लगा। उस दौर उनकी लोकप्रियता इस कदर परवान चढ़ी कि उनके अनुयायी 'बिरसाइत' कहलाने लगे। उन्होंने सादा जीवन उच्च विचार अपनाने का उपदेश दिया और मुंडा समाज में व्याप्त अंधविश्वासों और कुरितियों पर जमकर प्रहार किया। वह जनेउ, खड़ाउ और हल्दी रंग की धोती पहनने लगे। उन्होंने कहा कि ईश्वर एक है और वह है सिंगबोंगा। भूत-प्रेत की पूजा और बलि देना निरर्थक है।सार्थक जीवन के लिये सामिष भोजन अथवा मांस-मछली का त्याग करना जरूरी है। हड़िया पीना बंद करना होगा।

बिरसा के लोकप्रिय व्यक्तित्व के कारण सरदार आंदोलन में नई जान आ गयी। अगस्त 1895 में वन सम्बन्धी बकाये की माफी का आंदोलन चला। उसका नेतृत्व बिरसा ने किया। धर्मिक आधारों पर एकजूट बिरसइतो का संगठन जुझारू सेना की तरह मैदान मे उतर गया। बकाये की माफी के लिये उन्होंने चाईवासा तक की यात्रा की तथा रैयतों को एकजुट किया। अंग्रेजी हुकूमत ने बिरसा की मांग को ठुकरा दिया। बिरसा ने भी ऐलान कर दिया कि -' सरकार खत्म हो गयी। अब जंगल जमीन पर आदिवासियों का राज होगा। 9 अगस्त 1895 को चलकद में पहली बार विरसा को गिरफ्तार किया गया, लेकिन उनके अनुयायियों ने उन्हे छुड़ा लिया।16 अगस्त 1895 को गिरफतार करने की योजना के साथ आये पुलिस वल को बिरसा के नेतृत्व में सुनियोजित ढ़ंग से घेरकर खदेड़ दिया। इससे बौखलाई अंग्रेजी हुकूमत ने 24 अगस्त 1895 को पुलिस अधीक्षक मेयर्स के नेतृत्व में पुलिस वल चलकद रवाना किया तथा रात के अंधेरे में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। उन पर यह आरोप लगाया गया कि लोगों को ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ विद्रोह करने के लिये उकसा रहे थे।

# भारतीय अर्थव्यवस्था को भारतीय रिजर्व बैंक के दो महत्वपूर्ण तोहफे



प्रहलाद सबनानी

वैश्विक स्तर पर विश्व के कई देशों में आर्थिक गतिविधियों पर संकट के बादल मंडराते हुए दिखाई दे रहे हैं। अमेरिका में तो श्री डॉनल्ड ट्रम्प के राष्ट्रपति बनने के बाद से नित नई घोषणाएं की जा रही है। कभी टैरिफ को बढ़ाया जा रहा है तो कभी टैरिफ को लागू करने की तारीखों में परिवर्तन किया जा रहा है तो कभी टैरिफ को कम किया जा रहा है। कुल मिलाकर अमेरिकी अर्थव्यवस्था में अफरा तफरी का माहौल बन गया है। अभी हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति श्री ट्रम्प एवं अमेरिका के एक महत्वपूर्ण एवं शक्तिशाली मंत्री श्री एलान मस्क के बीच युद्ध छिड़ गया है एवं अब वे एक दूसरे पर गम्भीर आरोप लगाते हुए दिखाई दे रहे हैं। अमेरिकी अर्थव्यवस्था का इन सब बातों से बहुत नुक्सान होता हुआ दिखाई दे रहा है। बेरोजगारी भत्ता लेने वाले नागरिकों की संख्या में वृद्धि हो रही है, अमेरिकी कम्पनियों द्वारा कर्मचारियों की छंटनी पर विचार किया जा रहा है एवं आर्थिक विकास दर कम हो रही है। दूसरी ओर, रूस यूक्रेन के बीच युद्ध खत्म होने के आसार अभी भी दिखाई नहीं दे रहे हैं। एक तरह से इजराईल, हम्मास के बीच युद्ध अभी भी जारी ही है। चीन एवं अमेरिका के बीच में आई खटास भी कम होने का नाम नहीं ले रही है।

वैश्विक स्तर पर इन समस्त घटनाओं के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था नित नई ऊचाईयों को छूने की ओर अग्रसर है। भारत में नागरिक शांतिपूर्ण तरीके से भारतीय अर्थव्यवस्था को गति देने के प्रति कटिबद्ध हैं। केंद्र एवं राज्य सरकारों के उपक्रम एवं निजी क्षेत्र की कम्पनियां देश के आर्थिक विकास को गति देने में अपने प्रयास लगातार तेज करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसी क्रम में, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा दिनांक 6 जून 2025 को द्विमासिक मुद्रा नीति की घोषणा करते हुए, देश की अर्थव्यवस्था को गति देने के उद्देश्य से, दो महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। एक, रेपो दर में 50 आधार बिंदुओं की कमी करते हुए इसे 6 प्रतिशत की दर से नीचे लाकर 5.5 प्रतिशत कर दिया गया है। केलेंडर वर्ष 2025 में रेपो दर में यह लगातार तीसरी कटौती की गई है एवं कुल मिलाकर रेपो दर में 100 आधार बिंदुओं की कमी की जा चुकी है। फरवरी 2025 एवं अप्रेल 2025 घोषित की गई मुद्रा नीति के माध्यम से रेपो दर में दोनों बार 25 आधार बिंदुओं की कमी की गई थी। रेपो दर उस दर को कहते हैं, जिस दर पर भारतीय रिजर्व बैंक विभिन्न बैंकों को आवश्यकता पड़ने पर ऋण उपलब्ध कराता है एवं विभिन्न बैंक रेपो दर को आधार दर बनाते हुए इस दर पर कुछ आधार बिंदु ( जमाराशि की लागत एवं लाभ की राशि का समायोजन करते हुए ) जोड़ते हुए, ब्याज की दर पर, अपने ग्राहकों को ऋणराशि उपलब्ध कराते हैं।

दूसरे, भारतीय रिजर्व बैंक ने नकद आरक्षित अनुपात में सीधे ही 100 आधार बिंदुओं की कमी करते हुए इसे 4 प्रतिशत की दर से घटाकर 3 प्रतिशत की दर पर ला दिया है। इससे, भारत में बैंकों के पास 2.5 लाख करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि ऋण प्रदान करने के उद्देश्य से उपलब्ध हो जाएगी एवं सिस्टम में तरलता बढ़ जाएगी। नकद आरक्षित अनुपात उस अनुपात को कहते हैं, जिस पर विभिन्न बैंकों को अपने मांग एवं जमा देयताओं की राशि पर इस अनुपात की दर से नकदी राशि भारतीय रिजर्व बैंक के पास जमा करानी होती है। अतः यह राशि इन बैंकों की पहुंच से बाहर हो जाती है एवं ऋण के रूप में इसे बैंक के ग्राहकों को उपलब्ध नहीं कराया जा सकता है। यदि नकद आरक्षित अनुपात को कम कर दिया जाता है तो बैंकों के पास यह राशि ऋण के रूप में प्रदान करने के लिए उपलब्ध हो जाती है। इससे स्पष्टतः बैंकों की लाभप्रदता में सुधार होता है। भारतीय रिजर्व बैंक के उक्त महत्वपूर्ण दोनों निर्णयों से वैश्विक स्तर पर विपरीत परिस्थितियों के बीच भारत में उत्पादों की आंतरिक मांग उत्पन्न करने में सहायता मिलेगी क्योंकि बैंक अपने ग्राहकों को प्रदान की जाने वाली ऋणराशि पर ब्याज दरों को कम करेंगे।

## सुविचार

प्रत्येक शिशु एक संदेश लेकर आता है कि भगवान मनुष्य को लेकर हतोत्साहित नहीं है।

– रविन्द्रनाथ टैगोर

पुरुष की सिगरेट से लेकर टायर तक में वह दख़ल देती है।

– हरिशंकर परसाई

## प्रसंग

### बच्चे की सीख

बचपन से ही मुझे अध्यापिका बनने तथा बच्चों को मारने का बड़ा ब शौक था। अभी मैं पाँच साल की ही थी कि छोटे-छोटे बच्चों का स्कूल लगा कर बैठ जाती। उन्हें लिखाती पढ़ाती और जब उन्हें कुछ न आता तो खूब मारती। मैं बड़ी हो कर अध्यापिका बन गई। स्कूल जाने लगी। मैं बहुत प्रसन्न थी कि अब मेरी पढ़ाने और बच्चों को मारने की इच्छा पूरी हो जाएगी। जल्दी ही स्कूल में मैं मारने वाली अध्यापिका के नाम से प्रसिद्ध हो गई। एक दिन श्रेणी में एक नया बच्चा आया। मैंने बच्चों को सुलेख लिखने के लिए दिया था। बच्चे लिख रहे थे। अचानक ही मेरा ध्यान एक बच्चे पर गया जो उल्टे हाथ से बड़ा ही गंदा हस्तलेख लिख रहा था। मैंने आव देखा न ताव, झट उसके एक चाँटा रसीद कर दिया। और कहा, उल्टे हाथ से लिखना तुम्हें किसने सिखाया है और उस पर इतनी गंदी लिखाई ! इससे पहले कि बच्चा कुछ जवाब दे, मेरा ध्यान उसके सीधे हाथ की ओर गया, जिसे देख कर मैं वहीं खड़ी की खड़ी रह गयी क्योंकि उस बच्चे का दायाँ हाथ था ही नहीं। किसी दुर्घटना में कट गया था। यह देख कर मेरी आँखों में बरबस ही आँसू आ गए। मैं उस बच्चे के सामने अपना मुँह न उठा सकी। अपनी इस गलती पर मैंने सारी कक्षा के सामने उस बच्चे से माफी माँगी और यह प्रतिज्ञा की कि कभी भी बच्चों को नहीं मारूँगी। इस घटना ने मुझे ऐसा सबक सिखाया कि मेरा सारा जीवन ही बदल गया।

## जरा हटके

### चीनी वैज्ञानिकों ने खोजा नया ग्रह जहां जीवन की संभावनाएं आई नजर

**यह ग्रह पृथ्वी से 10 गुना भारी, तापमान न बहुत गर्म, न बहुत ठंडा**

**बीजिंग, (ईएमएस)।** क्या हम अकेले हैं? यह सवाल विज्ञान, दर्शन और कल्पनाओं का केंद्र हमेशा से रहा है। अब चीनी वैज्ञानिकों ने इस रहस्य पर से पर्दा उठाने की दिशा में कदम बढ़ा दिया है। उन्होंने 2400 प्रकाश वर्ष दूर स्थित एक ऐसा ग्रह खोजा है, जहां जीवन की संभावनाएं नजर आ रही हैं। इस ग्रह का नाम केप्लर-725सी है और इसे सुपर-अर्थ की श्रेणी में रखा है, यानी यह आकार में पृथ्वी से बड़ा है लेकिन गैस के ग्रहों जितना नहीं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह खोज अंतरिक्ष में जीवन की तलाश को एक नई दिशा दे सकती है और यह भी संभव है कि इस ग्रह पर एलियंस रहते हों। चीनी खगोलशास्त्रियों ने इस ग्रह की खोज ट्रांजिट टाइमिंग वेरिएशन ( टीटीवी ) तकनीक से की है, जो ग्रहों की गति में सूक्ष्म बदलावों का विश्लेषण करके उनकी उपस्थिति की पुष्टि करता है। केप्लर-725सी अपने तारे की परिक्रमा हर 207.5 दिन में पूरी करता है और यह अपने तारे के निवास योग्य क्षेत्र में मौजूद है यानी वहां तापमान जीवन के अनुकूल हो सकता है न बहुत गर्म, न बहुत ठंडा। रिपोर्ट में वैज्ञानिकों के मुताबिक इस ग्रह पर पानी मौजूद होने की संभावना जताई गई है, साथ ही यहां भी कहा गया है यहां ठोस सतह भी हो सकती है, जो जीवन के लिए जरूरी है। यह ग्रह पृथ्वी से करीब 10 गुना भारी है और इसे 'हाइसियन ग्रह' भी माना जा रहा है, जिसमें विशाल महासागर और हाइड्रोजन से भरपूर वातावरण होने की संभावना है। ऐसा वातावरण कार्बन-आधारित जीवन को पनपने का मौका दे सकता है। वैज्ञानिकों का मानना है कि टीटीवी जैसी उन्नत तकनीकों से अब ऐसे ग्रहों को खोजा जा सकता है, जिन्हें पारंपरिक तरीकों से देखना मुश्किल था। इस खोज को 'नेचर एस्ट्रोनॉमी' जर्नल में प्रकाशित किया है और इसे एक मील का पत्थर माना जा रहा है, क्योंकि यह पहली बार है जब किसी सूरज जैसे तारे के रहने योग्य क्षेत्र में टीटीवी विधि से किसी सुपर-अर्थ की पहचान की गई है लेकिन वैज्ञानिक अभी पूरी तरह आश्वस्त नहीं हैं। इस ग्रह पर जीवन की पुष्टि के लिए 'फाइव-सिग्मा' स्तर की जरूरत है, जिसका मतलब है कि और अधिक सटीक अवलोकन जरूरी हैं। इसके लिए जेम्स वेब टेलीस्कोप से अतिरिक्त समय तक अध्ययन करना होगा। इसके बावजूद यह खोज ब्रह्मांड में जीवन की संभावना को पहले से कहीं ज्यादा प्रबल बनाती है और यह सोचने पर मजबूर करती है कि हम इस अनंत ब्रह्मांड में अकेले नहीं हैं।

## फोटो ऑफ द डे




रोमानिया में प्राइड परेड में बैनर पर बने एक निशान को दिखाते हुए एक व्यक्ति। (फोटो-ईएमएस)

## व्यंग्य

### झाँको, खूब झाँको, झाँकते रहो

-पवन चंदन

झाँको, खूब झाँको। आदत से बाज नहीं आया करते। खुद कैसे हो इस बात पर गौर न करो। पड़ौसी कैसा है, इस बात पर ज्यादा ध्यान दो। पड़ौसी के पड़ौस में क्या चल रहा है, ये भी आपको पता होना चाहिए। अमेरिका को देखो न पड़ौसी के पड़ौसी के पड़ौसी को भी देख लेता है। ये जो दो-दो दीदे दिये हैं भगवान ने, ये दूसरों को देखने के लिए ही दिये हैं, खुद को देखने के लिए नहीं। इनका रुख कभी अपनी तरफ होता है क्या..? खुद को देखने के लिए तो दर्पण भी बाद में आविष्कृत हुआ और हुआ भी तो झूठ बोलता है। लोग कहते हैं, दर्पण झूठ नहीं बोलता, पर बोलता है, बाएँ अंग को दायाँ बताता है। ऊपर का नीचे और नीचे का ऊपर बताने लगे, क्या भरोसा।

बात ताक-झाँक की हो रही थी। दुनिया के वैज्ञानिक अंतरिक्ष में दूरबीन लगाकर झाँक रहे हैं। देखना चाहते हैं कि कहीं और भी जीवन और सभ्यता है पृथ्वी के अलावा। नये जीवन और नयी सभ्यता की खोज हो रही है, जैसे यहाँ की सभ्यता कम पड़ गयी हो। सबका अपना अपना आसमान है, झाँकने में क्या जाता है। मैं इन वैज्ञानिकों के अब तक के असफल प्रयास से कतई प्रभावित नहीं हूँ। व्यर्थ अरबों फूँक रहे हैं। आने वाले समय में इससे क्या मिलने वाला है कोई नहीं जानता। जहाँ आधी दुनिया भूख से मर रही हो, वहाँ अंतरिक्ष में भटकने जैसा काम ही निरर्थक है पर इन्हें कौन समझाए? दिखावा एक संक्रामक रोग है। किसी ने दूसरे के घर में झाँकना शुरू किया और देर सबेर दूसरा भी इसकी चपेट में आ ही जाता है। दिखावा और अहंकार ताक झाँक के मुख्य उद्देश्य हैं। आखिर ताक झाँक स्वयं को दूसरों से बेहतर साबित करने के लिये ही तो होती है। तुम्हारा सब कुछ खराब, मेरा सब कुछ अच्छा, यह सिद्ध करने के लिए ताक झाँक कर कूटनीतिक दाँव पेच तैयार होते हैं। ताक झाँक करने वाले प्राणी दो प्रकार के होते हैं। पहली प्रकार के लोगों में है बड़े लोग, बड़े देश और बड़ी सभ्यताएँ तथा दूसरे प्रकार में एकता कपूर के सिरियलनुमा लोग, जो बिना कारण ताक झाँक में लगे रहते हैं- ओह तुम चैन से जी रहे हो, हम तुम्हें चैन से न जीने देंगे। वाली मुद्रा में।

पहली प्रकार के ताकझाँकी जीव जीवन के विनाश के सभी इंतजाम कर चुके हैं। परमाणु बम हो या रासायनिक हथियार। वे एक दूसरे की कुशल क्षेम पूछने के लिए चिट्ठी नहीं, मिसाइल भेजना चाहते हैं। वे देशवासियों का पेट काट-काट कर उन्हीं की मौत का इंतजाम कर रहे हैं। किसी ने कहा है कि जीना है तो मरना होगा, सो इस प्रकार के ताकझाँकी जीवों का प्रयास है कि पहले भूखा मर, बच गया तो हथियारों से मर। आखिर जीवन का लक्ष्य ही तो मरना है। कहावत तो मैं बदलना चाहता था कि जीना है तो मरना नहीं मारना होगा। कुछ सीख लो दुनिया की बड़ी ताकतों से। अपने देश के नागरिक निराशा और हताशा से भले ही मर रहे हों अंतर्राष्ट्रीय चैनल पर नर्तकियों के साथ युवक युवतियों को नचाते रहो, कहते रहो हम समृद्ध हैं। दूसरी प्रकार के ताकाझाँकी जीवों में महिलाओं की संख्या अधिक होती है। वे निरंतर इसी प्रयास में लगी रहती हैं कि ताक झाँक द्वारा किस प्रकार दूसरे को बेवकूफ़ बनाकर धन संपत्ति पर अधिकार जमाया जाए। वे परिवार की किसी भी आदर्शवादी कन्या के पीछे पड़कर दिन रात ताक झाँक करते हुए उसका जीना हराम कर देती हैं। वे झाँसी की रानी तक से नहीं डरतीं, अनेक विवाह करती हैं, बहुमूल्य वस्त्राभूषण पहनती हैं और सिंदूर की एक मोटी रेखा माँग में लगाती हैं।

## चिंतन-मनन

### हर मनुष्य के जीवन में हैं दुख

एक बार भगवान बुद्ध से किसी भिक्षु ने पूछा- भगवान ! ईश्वर है या नहीं है? बुद्ध ने इसका सीधा उत्तर न देकर प्रश्नकर्ता भिक्षु से कहा-मनुष्य की समस्या ईश्वर के होने या न होने की नहीं है। मनुष्य की मुख्य समस्या है उसके जीवन में आने वाले दुखों की।

भगवान बुद्ध ने अपने कथन को स्पष्ट करते हुए तब कहा कि तुम स्वयं देखो। जन्म दुख है, जीवन दुखों का समूह है। जिसे वृद्धावस्था कहते हैं वह दुख है और मरण दुख है। इस रूप में मनुष्य का जन्म, वृद्धावस्था और मरण सभी दुख स्वरूप ही हैं। उन्होंने कहा कि मनुष्य जो चाहता है वह उसे कभी नहीं मिलता। यह उसके जीवन का दुख है। जिसे वह कभी नहीं चाहता वह उसे अवश्य मिलता है- यह इसका दुख है। अपने परम प्रिय का वियोग इसके जीवन का दुख है और जो अप्रिय है, उसका संयोग इसके जीवन का परम दुख है। उस प्रश्नकर्ता भिक्षु को संबोधित करते हुए भगवान ने कहा कि भिक्षु ! अधिक विस्तार में न जाकर तुम संक्षेप में इतना ही जानो कि रूप, वेदना, संज्ञा, संस्कार और विज्ञान ये सभी के सभी दुख स्वरूप ही हैं। रूप यानी जो संसार में दिख रहा है, यह रूप है और दुखात्मक है। वेदना यानी अनुभूति, दुख की अनुभूति दुखात्मक है। तथाकथित सुखात्मक अनुभूति भी अंततः दुख ही देती है। संज्ञा अर्थात् नाम।

## रोचक

### माइक्रोप्लास्टिक स्वास्थ्य के लिए बन सकते हैं गंभीर खतरा

**कैलिफोर्निया (ईएमएस)।** छोटे-छोटे प्लास्टिक कण शरीर में जाकर ग्लूकोज मेटाबॉलिज्म की प्रक्रिया को प्रभावित करते हैं और लिवर को नुकसान पहुंचा सकते हैं। अमेरिका स्थित कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, डेविस में किए गए इस अध्ययन के नतीजों से यह चिंता और गहराई है कि हम जो भोजन करते हैं, उसमें छिपे प्लास्टिक के कण दीर्घकालिक रूप से हमारे शरीर को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

अध्ययन के अनुसार, माइक्रोप्लास्टिक ( 5 मिमी से छोटे) और नैनोप्लास्टिक ( 100 नैनोमीटर से छोटे) अक्सर समुद्री भोजन, पैकेज्ड खाने और पीने के पानी के जरिए हमारे शरीर में प्रवेश करते हैं। एक अनुमान के अनुसार, एक व्यक्ति हर साल लगभग 40,000 से 50,000 माइक्रोप्लास्टिक कणों का सेवन कर सकता है, जबकि कुछ अध्ययन इस संख्या को 10 लाख तक बताते हैं। इस शोध में शोधकर्ताओं ने 12 हफ्तों तक नर चूहों को पॉलीस्टाइरीन नामक प्लास्टिक के नैनोकणों की रोजाना खुराक दी। पॉलीस्टाइरीन एक सामान्य प्लास्टिक है जो खाने की पैकिंग और कई अन्य उत्पादों में प्रयुक्त होता है। चूहों को उनके शरीर के वजन के हिसाब से प्रतिदिन 60 मिलीग्राम नैनोप्लास्टिक दिया गया। यह मात्रा पिछले अध्ययनों में सेहत पर प्रभाव डालने के लिए पर्याप्त मानी गई थी। शोध में पाया गया कि पॉलीस्टाइरीन नैनोप्लास्टिक के सेवन से चूहों के शरीर में ग्लूकोज को नियंत्रित करने की क्षमता प्रभावित हुई।

# ट्रंप ने लगाया 19 देशों पर यात्रा प्रतिबंध, आदेश आज से ही लागू

## डेमोक्रेट नेताओं ने आदेश को भेदभावपूर्ण और नस्लीय आधार पर प्रेरित बताया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 19 देशों पर यात्रा प्रतिबंध लागू कर दिए गए हैं। इनमें 12 अफ्रीकी और पश्चिम एशियाई देशों के नागरिकों के अमेरिका यात्रा पर लगाए गए नए प्रतिबंध आज यानी सोमवार से प्रभावी हो गए। ट्रंप द्वारा बुधवार को इस आदेश में सात अतिरिक्त देशों के उन लोगों पर भी नई यात्रा पाबंदियां लगाई गई हैं, जो अमेरिका के बाहर हैं और जिनके पास वैध वीजा नहीं है। यह नया प्रतिबंध अमेरिका की बदलती आव्रजन नीति का संकेत है, जो न केवल अमेरिका में प्रवेश को कठिन बना रहा है, बल्कि इससे प्रभावित देशों के साथ संबंधों में भी तनाव की स्थिति बन रही है।

बता दें बुधवार को अमेरकी राष्ट्रपति ट्रंप ने इस नए कार्यकारी आदेश के तहत अमेरिका के बाहर रह रहे उन नागरिकों की यात्रा पाबंदियां लगा दी हैं जिनके पास वैध अमेरिकी वीजा नहीं है। यह प्रतिबंध पहले से जारी किए गए वीजा को रद्द नहीं करता, लेकिन नए वीजा आवेदनों को पूरी तरह प्रभावित करता है। मानवाधिकार संगठनों और डेमोक्रेट नेताओं ने इस आदेश को भेदभावपूर्ण और नस्लीय आधार पर प्रेरित बताया है।

पहली श्रेणी में जिन 12 देश पर प्रतिबंध लगाया है उनमें म्यांमार, चाड, कांगो गणराज्य, इक्वेटोरियल गिनी, इरिट्रिया, अफगानिस्तान, हैती, ईरान, लीबिया, सोमालिया, सूडान, और यमन हैं। इन देशों के नागरिक अब अमेरिका में नया वीजा प्राप्त नहीं कर सकेंगे, जब तक कि वे विशेष परिस्थितियों को पूरा न करें। दूसरी श्रेणी में जिन 7 देशों के नागरिकों के लिए वीजा शर्तें और सख्त की गई हैं उनमें बुरुंडी, क्यूबा, लाओस, सिएरा लियोन, टोगो, तुर्कमेनिस्तान और वेनेजुएला शामिल हैं। इन देशों के नागरिकों के लिए वीजा स्क्रीनिंग प्रक्रियाएं कठिन कर दी हैं और कई श्रेणियों में वीजा अस्थायी रूप से रोक दिए गए हैं।

ट्रंप प्रशासन ने कहा है कि ये फैसला राष्ट्रीय सुरक्षा, आव्रजन धोखाधड़ी और अमेरिका में अवैध रूप से रहने वालों की बढ़ती संख्या को रोकने के लिए लिया गया है। इन देशों को उच्च जोखिम श्रेणी में रखा गया है, क्योंकि अमेरिका के मुताबिक इनमें से कई देश सुरक्षा सहयोग, सूचना साझा करने और आतंकवाद विरोधी उपायों में कमजोर साबित हुए हैं।



गाजा में मारे गये हमास के आतंकी मोहम्मी सिनर की लाश को दिखाते हुए इजरायली सैनिक।

# दोस्ती की नई दांस्ताः खुफिया दस्तावेज में पुतिन के रूस ने ड्रैगन को बताया दुश्मन

**मॉस्को।** रूस और चीन के बीच की दोस्ती की एक नई दांस्ता सुनाई दे रही है। भले ही दोनों देश गहरी दोस्ती के दावे कर रहे हों लेकिन दूसरी कहानी जो सामने आ रही है वो चौंकाने वाली है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक रूस और चीन के बीच 'बिना किसी सीमा' वाली इस दोस्ती के पीछे का सच कुछ और ही है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि रूस, चीन को अपना दुश्मन मानता है और उस पर बिल्कुल भरोसा नहीं करता है। रूस की फेडरल सिक्योरिटी सर्विस की एक खुफिया यूनिट ने चीन को रूस के 'दुश्मन' के रूप में वर्गीकृत किया है। रिपोर्ट में दस्तावेज के हवाले से बताया गया है कि चीन रूस के सैन्य, और भू-राजनीतिक असेट पर जासूसी गतिविधियां लगातार बढ़ा रहा है, जिससे रूस को खतरा है।

रूसी खुफिया एजेंसी के दस्तावेज में



चीन से निपटने का रास्ता बताया गया है। इसके मुताबिक रूस, चीन के साथ कूटनीतिक एकता का दिखावा करते हुए चीनी जासूसी का सक्रिय रूप से मुकाबला करने के लिए एक संतुलनकारी नीति बनाएगा। रूसी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे चीनी खुफिया खतरे किसी भी रूप में सार्वजनिक रूप से दिखाने से बचे, ताकि द्विपक्षीय संबंधों में कोई तनाव न आए। जानकारी के मुताबिक आठ पन्नों का एफएसबी मेमो 2023 के अंत या 2024 की शुरुआत में तैयार किया गया था। यह दस्तावेज शुरुआत में एक साइबर क्राइम ग्रुप, एरेस लीक्स के हाथ लगी थी। दस्तावेज में कहा गया है कि चीनी एजेंट, रूसी वैज्ञानिकों और अधिकारियों को झांसे में लेकर एडवांस्ड सैन्य तकनीकों तक पहुंचने की कोशिश करते हैं। वहीं इसमें यह भी कहा गया है कि चीन के गुर्गे पश्चिमी देशों की युद्ध रणनीति और हथियार प्रणालियों को समझने के लिए रूस-यूक्रेन जंग की निगरानी भी कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक एफएसबी ने चीन की इन घुसपैठों को ट्रैक करने के लिए एक संगठन भी तैयार किया था। रूस ने चीन से जुड़े रूसी लोगों और चीनी मैसेजिंग ऐप वीचैट पर निगरानी बढ़ा दी थी, जिसके बाद कई ऐसे मामले पकड़ में आए हैं। इसके लिए रूस एक खास एफएसबी टूल का उपयोग करके व्यक्तिगत डेटा भी इकट्ठा कर रहा है।

# रहस्यमयी ऑब्जेक्ट ने किया हैरान, हर 44 मिनट में भेज रहा सिग्नल

**मेलबर्न।** इंसानों हमेशा यह जानने की कोशिश करता है कि क्या पृथ्वी के अलावा किसी दूसरे ग्रह पर भी कोई जीवन है? ऑस्ट्रेलिया में हुई एक नई खोज ने फिर इस सवाल को जिंदा कर दिया है। एक रहस्यमयी ऑब्जेक्ट ने खगोलशास्त्रियों को हैरानी में डाल दिया है। यह ऑब्जेक्ट हर 44 मिनट में रेडियो वेव्स और एक्स-रे सिग्नल्स भेजता है। इसका हर सिग्नल पूरे दो मिनट तक पहुंचता है। यह इतना अजीब है कि वैज्ञानिक कह रहे हैं कि ऐसा पहले कभी नहीं देखा।

मीडिया रिपोर्ट में ऑस्ट्रेलिया की कर्टिन यूनिवर्सिटी के मुताबिक यह खोज किसी सूई को भूसे के ढेर में खोजने जैसी है। इस ऑब्जेक्ट को एस्केप रेडियो टेलीस्कोप और नासा की मदद से पकड़ा गया। जब ऑस्ट्रेलिया का रेडियो टेलीस्कोप इस हिस्से को स्कैन कर रहा था, उसी समय चंद्रा एक्स-रे ऑब्जर्वेटरी भी उसी क्षेत्र पर नजर बनाए हुए था। यह अनोखा ऑब्जेक्ट नई किस्म की खगोलीय घटनाओं से जुड़ा है, जिन्हें पहली बार 2022 में खोजा गया था लेकिन यह पहली बार है जब किसी एलपीटी से एक्स-रे भी निकलते देखे गए हैं।

रिपोर्ट में वैज्ञानिकों का मानना है कि यह ऑब्जेक्ट कोई मैग्नेटार हो सकता है, यानी संभवतः एक मृत सितारे का कोर है, जिसमें बहुत ही ज्यादा चुंबकीय शक्ति है या फिर यह एक बाइनरी स्टार सिस्टम भी हो सकता है, जिसमें एक तारा अत्यधिक चुंबकीय सफेद बौना है, लेकिन ये थ्योरीज भी इस रहस्य को पूरी तरह नहीं सुलझा पा रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक स्पेन के इंस्टीट्यूट ऑफ स्पेस साइंस की प्रोफेसर कहती हैं कि इस एक खोज से यह संकेत मिलता है कि ऐसे कई और ऑब्जेक्ट्स ब्रह्मांड में छिपे हैं।

# स्पेन में भीषण गर्मी में सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरे लोग

**मैड्रिड।** स्पेन की राजधानी मैड्रिड में रविवार को हजारों लोगों ने सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन का आयोजन विपक्षी पार्टी पॉपुलर पार्टी ने किया और 'माफिया या लोकतंत्र' के नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने सांचेज़ के इस्तीफे और समय से पहले आम चुनाव की मांग की। लोगों ने अपने हाथ में स्पैनिश झंडे लिए थे और एक ही नारा लगा रहे थे ङ्क 'पेड्रो सांचेज़, इस्तीफा दो'। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक तेज गर्मी के बीच हजारों लोग हाथों में बैनर लेकर जुटे प्रदर्शन कर रहे थे, जो सरकार के खिलाफ नारेबाज़ी कर रहे थे। पीपुल्स पार्टी के नेता अल्बर्टो नुनेज़ फेइखो ने कहा कि स्पेन को अब ईमानदारी और आज़ादी की क्रांति की जरूरत है। उन्होंने पीएम सांचेज़ का नाम लेकर कहा कि उन्हें छिपना और झूठ बोलना बंद करके चुनाव कराने चाहिए। दरअसल पिछले एक साल में स्पेन के पीएमसांचेज़, उनके परिवार और उनकी पार्टी पर भ्रष्टाचार के कई आरोप लगे हैं।

## आज का इतिहास 10 जून

1868 सर्बिया के युवराज माइकिल की हत्या हुई.

1937 कनाडा के प्रधानमंत्री राबर्ट गोर्डन का निधन हुआ.

1944 फ्रांसीसी प्रतिरोधी आंदोलन के विरोध में नाजी सैनिकों ने श्रेडोर सुर ग्लेन फ्रांस के सभी लोगों की हत्या कर दी.

1946 इटली में गणराज्य बना और वहां के शासक अब्रटों को गद्दी छोड़नी पड़ी.

1975 भारत(नागपुर)में प्रथम हिन्दी विश्व सम्मेलन हुआ.

1996 ब्रिटेन और आयरलैंड के बीच शांतिवार्ता शुरू हुई,लेकिन उसमें आयरिश रिपब्लिकन आर्मी को नही शामिल किया गया.

1999 लेफ्टिनेंट सौरभ कालिया समेत पांच अन्य सैनिकों के क्षत-विक्षत शव पाकिस्तानी सैनिकों ने भारतीय सेना को सौंपे. बटालिक टाप पर भारतीय सेना का कब्जा.

2000 संचार मंत्री रामविलास पासवान द्वारा संचार कर्मियों को मुफ्त टेलीफोन देने के फैसलों को प्रधानमंत्री की मंजूरी.

2001 भारत ने जिम्बाब्वे को क्रिकेट टेस्ट मैच में हराकर 15 वर्ष बाद विदेश में पहली जीत हासिल की.

2007 पूर्व राज्यसभा सदस्य राजेन्द्र सिंह का जबलपुर में निधन.

2007 इंग्लैंड में 8वें आइफा पुरस्कारों में रंग दे बसंती ने सर्वश्रेष्ठ फिल्म के अलावा निर्देशन, पटकथा, संगीत व अन्य पुरस्कार जीते.

## प्रसंगतः नागरिक का कर्तव्य

लीबिया के लिबलिस शहर के एक प्रमुख अस्पताल में अलगअलग वार्डों में मरीजों को मुख्य डाक्टर के आने का इंतजार था। नर्स, कंपाउंडर आदि बेंचों पर शांति से बैठे थे लेकिन लंबे कद का एक आदमी लंबा चोगा पहने, चहलकदमी करता हुआ प्रत्येक स्थान और वस्तु का गहराई से निरीक्षण कर रहा था, तभी अपनी ओर आते बड़े डाक्टर को देख कर वह व्यक्ति ठिठका। डाक्टर ने पूछा, ''ऐ मिस्टर, कौन हो तुम? यहां क्या कर रहे हो?'' वह व्यक्ति बोला, ''डाक्टर, मेरे पिता बहुत बीमार है।'' इस पर डाक्टर बोला, ''बीमार हैं तो उन्हें यहां भरती कराओ।'' ''वह बहुत कमजोर हैं। उन्हें यहां लाना संभव नहीं है। आप चलिए डाक्टर,'' उस व्यक्ति ने आदरपूर्वक कहा। लेकिन डाक्टर ने उसे झिड़क दिया, ''क्या बेहूदगी है? मैं तुम्हारे घर कैसे जा सकता हूं?'' ''भले ही रोगी मर जाए, फिर भी आप नहीं जा सकते?'' वह व्यक्ति बोला। डाक्टर ने उसे डांटते हुए कहा, ''ज्यादा बोलने की जरूरत नहीं है। तुम्हें मालूम नहीं कि तुम किस से बात कर रहे हो। चीफ सिविल सर्जन से इस तरह बात की जाती है?'' यह सुन कर वह व्यक्ति तिलमिला गया। इस का उस ने सख्ती से उत्तर दिया, ''मैं ने अभी तक तो बहुत शराफत बरती है, लेकिन मुझे तुम से बात करने का ढंग सीखने की जरूरत नहीं है डाक्टर। तुम भी नहीं जानते कि तुम किस से बात कर रहे हो।'' अब डाक्टर का पारा चढ़ गया। उसने अस्पताल के वार्ड अटेंडेंट को पुकार कर कहा, ''इस पागल को पागलखाने भिजवा दो।'' जैसे ही अटेंडेंट आगे बढ़ा, उस लंबे व्यक्ति ने अपना चोगा उतार फेंका। डाक्टर ने देखा, सामने कोई साधारण व्यक्ति नहीं बल्कि सैनिक वरदी में एक रोबदार कर्नल खड़ा था। अब तो डाक्टर भी खुद सकपका गया। अपने देश के राष्ट्रपति कर्नल गद्दाफी को सामने देख कर उस के होश उड़ गए। कर्नल गद्दाफी ने आदेश दिया, डाक्टर, अब तुम्हारे लिए लीबिया में कोई जगह नहीं है। मैं एक अस्पताल का नहीं, पूरे देश का अनुशासित सेनापति और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी हूं। जो लोग अपना कर्तव्य निभाना नही जानते, उन्हें इस देश में रहने का कोई हक नहीं।'' राष्ट्रपति के आदेश पर तत्काल अमल हुआ और सबक मिला कि राष्ट्र सेवा प्रत्येक नागरिक का सर्वोच्च कर्तव्य है।

## दैनिक पंचांग

**10 जून 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | मिथुन | 05.38 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | कर्क | 07.51 बजे से |
| मंगल | सिंह में | सिंह | 10.07 बजे से |
| बुध | मिथुन में | कन्या | 12.19 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | तुला | 14.30 बजे से |
| शुक्र | मेष में | वृश्चिक | 16.45 ब.से |
| शनि | मीन में | धनु | 19.01 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मकर | 21.06 बजे से |
| केतु | सिंह में | कुंभ | 22.52 बजे से |
| राहुकाल | | मीन | 00.25 बजे से |
| 3.00 से 4.30 | | मेष | 01.56 बजे से |
| बजे तक | | वृष | 03.36 बजे से |

**मंगलवार** 2025 वर्ष का 161 वा दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** ज्येष्ठ **पक्ष** शुक्ल **पक्ष** कृष्ण **तिथि** चतुर्दशी 11.36 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** अनुराधा 18.02 बजे को समाप्त। **योग** सिद्ध 13.45 बजे को समाप्त। **करण** वणिज 11.36 बजे तदनन्तर विष्टि 00.28 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 13.9 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 01' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872371 **जूलियन दिन** 2460836.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** जिल्हेज **तारीख** 13 **विशेष** वट पूर्णिमा व्रत, पूर्णिमा उपवास, ज्येष्ठ पूर्णिमा।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## राशिफल

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष, ग्रीष्म ऋतु, गुरु उदय पूर्वे शुक्रोदय पूर्वे गुरु अस्त पश्चिमी तिथि चर्तुदर्शी, मंगलवासरे, अनुराधा नक्षत्रे, शिशिर योगे, वल करणे, वृश्चिक की चंद्रमा, भद्रा 10/13 पूर्णिमा व्रत 15 व्रत वट सावित्री व्रत, मूल प्रारंभ सांय दिन अस्ते समय तथापि उत्तर दिशा की यात्रा शुभ तथा उत्तम होगी।

### आज जन्म लिए बालक का फल.......

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, उत्तम व्रतधारी, सफल नायक, वक्ता-अधिवक्ता, शासक-प्रशासक, योगी-भोगी, आत्म निरीक्षणकर्ता, उद्योग स्थापन करने वाला, व्यावसायी, धनी वक्ता-अधिवक्ता होगा।




मेष राशिः आशानुकूल सफलता से संतोष तथा कुछ सफलता के साधन बनेंगे।

वृष राशिः समय आराम से बीते, व्यवसायिक क्षमता का ध्यान अवश्य ही रख सकेंगे।

मिथुन राशिः अधिकारियों का समर्थन फलप्रद होगा किन्तु इष्ट मित्रों से परेशानी होगी।

कर्क राशिः इष्ट मित्र सुखवर्धक हों, कुटुम्ब की समस्याएं सुलझेंगी, धैर्य से कार्य करेंगे।

सिंह राशिः प्रतिष्ठा वृद्धि एवं ब? लोगों से मेल-मिलाप होगा, स्थिति हर्षप्रद बनी रहेगी।

कन्या राशिः संघर्ष में सफलता से संतोष, व्यवसायिक क्षमता में अनुकूलता बनी रहेगी।

तुला राशिः मान-प्रतिष्ठा, प्रभुत्व वृद्धि, कार्यक्षमता ब?, समाज में प्रतिष्ठा के योग बनेंगे।

वृश्चिक राशिः सामाजिक कार्यों में सुधार, कार्यगति में अनुकूलता, इष्ट मित्र सुखवर्धक हों।

धनु राशिः अचानक कोई शुभ समाचार प्राप्त हो, कार्यगति में सुधार होगा, समय का ध्यान रखें।

मकर राशिः स्थिति यथावत रखें, समय पर सोचे कार्य पूर्ण होंगे, कार्य में सुधार हो।

कुंभ राशिः इष्ट मित्र सुखवर्धक होंगे, शरीर कष्ट, चिन्ता असमंजस की स्थिति बने।

मीन राशिः इष्ट मित्र सहायक रहेंगे, दैनिक कार्यगति अनुकूल बनी ही रहेगी।

पीएल गौतमाचार्य // मोनिका

# हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता जारेड लेटो पर लगे यौन उत्पीड़न के आरोप

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता जारेड लेटो पर कई महिलाओं ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाए है। 9 महिलाओं का कहना है कि अभिनेता ने उनके साथ अश्लील व्यवहार किया है। रिपोर्ट के अनुसार, कुछ महिलाओं का दावा है कि उत्पीड़न के वक्त वे नाबालिग थीं। उनके साथ यौन उत्पीड़न लंबे समय तक चलता रहा। एक महिला ने बताया, यह बात लंबे समय से सभी को पता थी, जारेड लेटो पर आरोप है कि उन्होंने एक 16 साल की लड़की से यौन संबंधी सवाल पूछे, एक 17 साल की लड़की के सामने बिना कपड़ों के आए और एक 18 साल की लड़की का हाथ गलत तरीके से अपने शरीर पर रखवाया।

वहीं एक बयान में अभिनेता लेटो के प्रतिनिधि ने सभी आरोपों को साफ तौर पर झूठा बताया है। रिपोर्ट में शामिल आरोपों में मॉडल लॉरा ला रू का आरोप भी शामिल है। उन्होंने बताया कि 2008 में, जब वे 16 साल की थीं, तब एनिमल राइट्स कार्यक्रम को लेकर लेटो से उनकी मुलाकात हुई थी। इसके बाद लेटो ने उन्हें अपने स्टूडियो आने का न्यौता दिया।

लॉरा ला रू ने बताया कि वे अप्रैल 2009 में लेटो के स्टूडियो गई थीं, जहां उनके साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ हुई।

इस पर लेटो के प्रतिनिधि ने बताया कि उनके बीच हुई बातचीत में कुछ भी गलत या अश्लील नहीं था। लॉरा ला रू ने बाद में खुद लेटो की पर्सनल असिस्टेंट बनने के लिए आवेदन किया था, जो यह दिखाता है कि उनके बीच कुछ अनुचित नहीं था।

वहीं लॉरा ला रू ने इससे साफ इंकार किया कि उन्होंने लेटो की पर्सनल असिस्टेंट बनने के लिए आवेदन किया था। उन्होंने बताया कि जब वह 17 साल की थीं, तब एक बार लेटो उनके सामने बिना कपड़ों के बाहर आ गए, जैसे यह कोई आम बात हो। उन्होंने कहा, मैंने उस वक्त सोचा शायद बड़े आदमी इसतरह से करते हैं।

एक अन्य महिला ने दावा किया कि 2008 में लेटो ने लॉस एंजेलिस के एक कैफे में उनसे संपर्क किया और उनका फोन नंबर लिया। उस वक्त उनकी उम्र 16 साल थी। कुछ दिन बाद, लेटो ने आधी रात को उनके घर फोन किया। उनकी आवाज इतनी अजीब थी कि समझ ही नहीं आया कि लेटो नशे में थे या नहीं।

# ट्रंप से पंगा लेकर फंसे मस्क, एजेंसियों ने जांच की फाइलें व्हाइट हाउस भेजीं

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राजनीति में इन दिनों खींचतान मची हुई है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और दुनिया के सबसे अमीर इंसान और टेस्ला के सीईओ एलन मस्क के बीच विवाद अब जांच एजेंसियों तक पहुंच गया है। सूत्रों के मुताबिक ट्रंप प्रशासन मस्क के खिलाफ जांच करने को हरी झंडी दे सकता है, जो न सिर्फ मस्क की कंपनियों के लिए चुनौती होगी, बल्कि अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर भी नई बहस छेड़ सकती है।

अमेरिकी खुफिया और जांच एजेंसियों ने मस्क से जुड़ी तमाम फाइलें वाइट हाउस को भेज दी हैं। इससे लगता है कि ट्रंप से पंगा लेकर मस्क फंस गए हैं। शायद यही कारण है कि मस्क एक बार फिर ट्रंप के समर्थन में दिख रहे हैं। लॉस एंजेलिस में होने वाले दंगे को लेकर ट्रंप के समर्थन में मस्क ने पोस्ट की है। जिन फाइलों को वाइट हाउस भेजा गया है उन फाइलों में मस्क और उनकी कंपनियों के खिलाफ कई गंभीर मामलों की जांच की सिफारिश की गई है। इनमें सबसे अहम मामला स्पेसएक्स पर लगने वाले साढ़े छह लाख डॉलर के जुर्माने का है, जो संघीय उद्यान प्रशासन की ओर से प्रस्तावित किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### आरटीई के तहत निजी विद्यालयों में प्रवेश की अंतिम तिथि आज

**कटनी।** नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए जारी पहली आवंटन सूची के अनुसार प्रवेश की अंतिम तिथि 10 जून है। जिला परियोजना समन्वयक प्रेम नारायण तिवारी ने बताया कि इस बार कटनी जिले में कुल 1736 प्राप्त आवेदनों में सत्यापन उपरांत निजी विद्यालयों में छात्रों के प्रवेश हेतु लॉटरी के माध्यम से 886 सीटों का आवंटन हो चुका है। अभिभावक अपने बच्चों के लिए स्कूल आवंटन की स्थिति आधिकारिक पोर्टल पर देख सकते हैं। परिणाम पंजीकृत मोबाइल नंबरों पर एसएमएस के माध्यम से भी देखे जा सकते हैं। आरटीई के तहत जिन बच्चों का नाम लॉटरी में आया है उन्हें 10 जून तक प्रवेश की औपचारिकताएं पूरी करनी होगी। संबंधित स्कूलों में पहुंचकर अभिभावक अपने बच्चों का दाखिला स्कूल द्वारा मोबाइल ऐप से एडमिशन की रिपोर्टिंग की प्रक्रिया पूर्ण कर करा सकते हैं। प्रथम चरण में जिन बच्चों द्वारा आवंटित स्कूल में एडमिशन नहीं लिया जाएगा उस स्थिति में विद्यालयों की रिक्त सीटों में दूसरे चरण में लॉटरी के माध्यम से प्रथम चरण मे सम्मिलित न हो पाने वाले बच्चों को प्रवेश के अवसर प्राप्त होंगे। अशासकीय विद्यालय द्वारा चयनित किसी भी विद्यार्थी को प्रवेश देने से वंचित नहीं किया जा सकेगा।

### सड़क हादसे में चाचा-भतीजे की मौत

**कटनी।** विजयराघवगढ़ से बाइक पर सवार होकर बंजारी जा रहे चाचा और भतीजे को कल सुबह अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना को अंजाम देकर वाहन चालक फरार हो गया। हादसे के बाद सामने आई तस्वीर ने लोगों को झकझोंर कर रख दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और मर्ग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत हरैया निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक 64 वर्षीय राजेंद्र सिंह कल सुबह 4 बजे अपने तीजे 35 वर्षीय योगेश सिंह के साथ सुबह 4 बजे बरही के लिये घर से निकले थे, तभी ग्राम बंजारी के पास लगभग 4:30 बजे एक अज्ञात वाहन ने उन्हें सीधी ठोकर मार दी। जिससे चाचा और भतीजे की मौत हो गई। जानकारी प्राप्त होते ही थाना प्रभारी रितेश शर्मा के निर्देशन में पुलिस बल घटना स्थल पर पहुंचकर जांच करते हुए दोनों शवों को पोस्टमार्टम हेतु तहसील स्वास्थ्य केंद्र विजयराघवगढ़ भेजा गया। पोस्टमार्टम उपरांत दोनों शवों को परिजनों को सौंप कर पुलिस जांच में जुटी है।

### कृषि वैज्ञानिको द्वारा बताई जा रही उन्नत तकनीको का उपयोग किसान भाई अपनी आय बड़ाने में करे-सांसद

**रतलाम।** आज 9 जून को ग्राम पंचायत अमरपुराकलां विकासखण्ड बाजना एवं ग्राम जामथुन विकासखण्ड रतलाम में विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत शिविर आयोजित किया गया। जिसमें रतलाम झाबुआ क्षेत्र की सांसद श्रीमती अनीता नागर सिंह चौहान, जिलाध्यक्ष श्री प्रदीप उपाध्याय एवं बाजना मण्डल के सभी पदाधिकारियों एंव जनप्रतिनिधियों एवं राजस्व विभाग के अमले के साथ कृषि विज्ञान केन्द्र कालूखेडा के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सर्वेश त्रिपाठी, परियोजना संचालक आत्मा श्री निर्भय सिंह नर्गेश, अनुविभागीय अधिकारी कृषि अनुभाग सैलाना श्री एन.एस.मण्डलोई, तथा बडी संख्या में किसान भाई उपस्थित रहें। सांसद श्रीमती चौहान द्वारा प्रधानमंत्री एवं केन्द्रीय कृषि मंत्री के विकसित कृषि संकल्प अभियान से कृषकों को लाभ लेने एवं अधिकतम उत्पादन प्राप्त करने हेतु वैज्ञानिकों द्वारा बताई गई सोयाबीन, मक्का, एवं कपास की उन्नतशील प्रजातियों को लगाने हेतु कृषकों को अभिप्रेरित किया गया एवं किसानों को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि कृषि वैज्ञानिको द्वारा बताई जा रही उन्नत तकनीको का उपयोग किसान भाई अपनी आय बड़ाने में करे। कार्यक्रम में कृषको की उपस्थिति को देखकर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि अब बाजना विकासखण्ड कृषकों द्वारा अपनाये जाने वाले कृषि नवाचारों से रतलाम जिले में कृषि में समृद्ध विकासखण्ड होगा। जिलाध्यक्ष श्री उपाध्याय द्वारा किसानों को वैज्ञानिकों द्वारा बताई गई नवीन तकनीकियों को अपनाने का आव्हान किया गया।

# आजाद चौक से झंडा बाजार खेर माई मंदिर तक मार्ग का होगा डामरीकरण

### महापौर व जिला अध्यक्ष ने किया डामरीकरण कार्य का भूमि-पूजन

**कटनी।** महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के कुशल निर्देशन में नगर विकास के कार्यों को गति प्रदान करते हुए एक और अति महत्वपूर्ण आजाद चौक से झंडा बाजार खेर माई मढिया तक 27.35 लाख रुपए की लागत से मुख्य जुलूस मुख्य मार्ग में होने वाले सड़क डामरीकरण कार्य का भूमि-पूजन सोमवार शाम महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक एवं भाजपा जिला महामंत्री अंकिता तिवारी सहित क्षेत्रीय व्यवसाई एवं रहवासी भी मौजूद रहें।

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य डॉ रमेश सोनी, सुभाष शिब्बू साहू सुरेन्द्र गुप्ता श्रीमती बीना संजू बैनर्जी गोविंद चावला पार्षद श्रीमती शीला सोनी शकुंतला सोनी



उमेन्द्र अहिरवार ओमी पूर्व पार्षद कमलेश चौधरी विजय डब्बू रजक दानिश अहमद अज्जू सोनी अम्बू वर्मा सहित स्थानीय गणमान्य नागरिकों की विशिष्ट मौजूदगी रही।

#### सबका साथ सबका विकास हमारा मूलमंत्र - महापौर श्रीमती सूरी

महापौर श्रीमती सूरी ने भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास हमारा मूल मंत्र है और इसी मंत्र के द्वारा हम क्षेत्र के सुदृढ़ बुनियादी ढांचे और जनकल्याण हमारी प्राथमिकता है। शासन के माध्यम नागरिकों की सुविधाओं के विस्तार के लिए प्राप्त अनुदान से निरंतर ही विकास कार्य कराए जा रहे हैं। नगर का एकरूपता से विकास हो और नागरिकों को प्राथमिकता से मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिल सके इसके लिए हमारी परिषद निरंतर कार्य कर रही है। महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि चूंकि यह मार्ग नगर का मुख्य जुलूस मार्ग भी है जिसके चलते हमारा यही प्रयास होगा कि मार्ग का निर्माण तय समयावधि में मानक गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जाए। महापौर ने कार्यक्रम में मौजूद मार्ग के निवासियों से डामरीकरण कार्य के दौरान नव निर्मित मार्ग से कुछ घंटे आवागमन न करने तथा निर्माण कार्य के दौरान कार्य की गुणवत्ता पर भी नजर रखने का आग्रह किया।

#### सीवर रेस्टोरेशन का कार्य निरंतर जारी

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि शासन निर्देशानुसार नगर में सीवर लाइन विस्तार का कार्य प्रगतिरत हैं। निगम प्रशासन द्वारा सीवर कार्य के दौरान पाइप लाइन डालने हेतु खोदी गई रोड का निर्धारित अवधि में नियमानुसार रेस्टोरेशन का कार्य भी बरसात पूर्व पूर्ण करने के प्रयास किए जा रहे है। नागरिकों के सुगम आवागमन को दृष्टिगत रखते हुए वर्तमान में नगर के कई वार्डों में निरंतरता के साथ रेस्टोरेशन का कार्य जारी है।

## स्नान के साथ जगन्नाथ का जन्मोत्सव कल से रथ यात्रा 27 को निकलेगी



### 5 जुलाई तक स्वयंवरम गार्डन में रहेंगे प्रभु

( आरती मालवीय )

**नर्मदापुरम।** डोंगरवाडा स्थित अखंड मंडलेश्वर धाम में भगवान जगन्नाथ जी का जन्मोत्सव 11 जून बुधवार देव स्नान पूर्णिमा को भगवान के स्नान के साथ आरम्भ होगा।

उक्त जानकारी देते हुए मंदिर के ठाकुर राजा डा आशुतोष शर्मा मुख्य अर्चक बाबाजी प्रसाद दास ने बताया कि बुधवार को प्रात: 10 बजे मंदिर से बाहर आएंगे और मंदिर परिसर में दिव्य स्नान होगा। उसके बाद प्रभु का शृंगार किया जाएगा। भगवान गजानन वेश धारण करेंगे और भक्तों को दर्शन देंगे। शाम को भी प्रभु भक्तों को दर्शन देने के बाद विश्राम करेंगे। परम्परा के अनुसार भगवान का स्वास्थ्य खराब रहेगा। इस दौरान कुशल वैद्य द्वारा उनका उपचार किया जाएगा।

#### अपनी मौसी के घर जाएंगे प्रभु

**स्वस्थ होने बाद 27 जून को प्रभु भक्तों को दर्शन देते हुए गाजे बाजे के साथ नगर भ्रमण करते हुए अपनी मौसी के घर प्रस्थान करेंगे। इस दौरान प्रभु 5 जुलाई तक मालाखेड़ी स्थित स्वयंवरम गार्डन में रहेंगे। उसके बाद वापस मंदिर पहुंचेंगे। मंदिर में पुन: विराजमान होने के बाद 6 जुलाई को मंदिर में विशाल भंडारा भी होगा। मंदिर समिति के भक्तों से आयोजन में सम्मिलित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।**

# पूर्व गृहमंत्री, विधायक भूपेंद्र सिंह ने 5.82 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण किया

### पार्थिव शिवलिंग बना कर अभिषेक करें तो उसके पुण्य से हाथ की रेखाएं और भाग्य भी बदल जाता है।ट्ट श्री सिंह

**धरमपुर, ( खुरई )।** पूर्व गृहमंत्री, पूर्व सांसद, विधायक खुरई श्री भूपेंद्र सिंह ने ग्राम पंचायत धरमपुर में आयोजित कार्यक्रम में 4.36 करोड़ की लागत से निर्मित हो रहे बलोप-धरमपुर-जनराहो सड़क सहित 5.82 करोड़ के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण किया। उन्होंने धरमपुर के राजमंदिर में कलश स्थापना व ध्वजारोपण कार्यक्रम में पहुंच कर कलश पूजन किया और मंदिर परिसर में वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने सनातन धर्म और संस्कृति की महिमा से ओतप्रोत अपने उद्बोधन में कहा कि वृक्षों में ईश्वर का वास है और हरे वृक्ष को काटना मनुष्यों की हत्या के समान है।

पूर्व गृहमंत्री खुरई विधायक श्री भूपेन्द्र सिंह ने इस कार्यक्रम में उक्त सड़क निर्माण के अतिरिक्त वाटर शेड के तहत बलोप में 69 लाख से फलदार वृक्षारोपण, 10 लाख की लागत से रहरोन स्टाप डेम, 5.75 लाख से बलोप रामपुर में खेत तालाब, 5.55 लाख से चैनपुरा खेत तालाब, 3.50 लाख से चैनपुरा कंटूर ट्रैंच, 8 लाख से रहरोन में खेत तालाब व 4 लाख की लागत से खेत तालाब पाली का भूमिपूजन किया। उन्होंने बलोप में 27 लाख की लागत से निर्मित तालाब व बलोप रामपुर में 12 लाख की लागत से बने छोटे तालाब का लोकार्पण किया।

अपने संबोधन में पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक श्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि धरमपुर में पांच दिवसीय रामकथा का आयोजन चल रहा है जिसमें आना मेरे लिए सौभाग्य है। हम सभी मिलकर धरमपुर में राम राज्य की स्थापना करते हुए इसे अयोध्या की तरह धर्मनगरी में परिवर्तित कर सकते हैं। इसके लिए धर्म संस्कारों, भक्ति, पुण्य कार्य व सेवा कार्य करते हुए स्वयं को बदलते हुए नई पीढ़ी में अच्छे संस्कार डालने चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं कभी गलत काम, गलत आचरण वाले व्यक्ति का साथ नहीं दूंगा चाहे वह कितना भी नजदीकी व्यक्ति हो। मेरा उद्देश्य पवित्र है और मैं सिर्फ धर्म संस्कारों की स्थापना, गरीबों का कल्याण, सेवा कार्य करते हुए राजधर्म का पालन करता हूं। उन्होंने कहा कि धर्म शास्त्रों में रामराज्य को आदर्श राज्य माना गया है और यह मर्यादा



पुरुषोत्तम भगवान राम की तरह त्याग व मर्यादाओं के पालन से ही संभव है। उन्होंने कहा कि भगवान राम ने अपने मनुष्य जीवन में ही अपने आचरण से एक श्रेष्ठ पुत्र, भाई, पति और राजा की मर्यादाओं का सर्वोच्च आदर्श स्थापित किया। उन्होंने अनीति, अधर्म, अत्याचार के विरूद्ध संघर्ष किया। आज की समाज में छोटे से पद का अभिमान और लोभ मनुष्य को हो जाता है लेकिन भगवान राम ने राजपाट का त्याग कर वनवास के कष्टपूर्ण जीवन को सहज स्वीकार करके त्याग किया इसीलिए उन्हें एक राजपुरुष की तरह नहीं भगवान के रूप में स्वीकार किया गया।

उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन में सुख दुख का चक्र रात और दिन की तरह है। हम धर्म के मार्ग पर चलते रहें तो बड़े बड़े संकट छोटी सी दुख तकलीफों में निकल जाते हैं। यह मंदिर जो हम बनाते हैं यह सभी आध्यात्मिक ऊर्जा के केंद्र हैं जहां हमारे मन, आत्मा, शरीर की सकारात्मक चार्जिंग होती है। उन्होंने बताया कि मंदिर में आने वाले भक्तों, श्रद्धालुओं के भावों, ध्यान और भजनों से भी ऊर्जा का संचार मंदिर में होता है और मंदिर की ऊर्जा गर्भगृह के ऊपर शीर्ष पर स्थापित कलश में संग्रहीत होती जाती है। यही कारण है कि मंदिर के कलश का महत्व इतना है कि यदि कभी मंदिर न भी जा पाएं तो कलश के दर्शन से ही पुण्य फल की प्राप्ति हो जाती है। उन्होंने कहा कि धर्म के साथ कर्म की साधना वैसी ही है कि ईश्वर और माता पिता की कृपा से किसान को भूमि तो मिल जाती है लेकिन उस भूमि पर बखरनी, बुआई, सिंचाई के कर्म करके ही फल की प्राप्ति हो सकती है। इसलिए जीवन में कर्म का महत्व धर्मपथ पर चलते हुए करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जीवन के सारे नशे भगवान की भक्ति, भजन के नशे के सामने व्यर्थ हैं।

पर चलते हुए करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जीवन के सारे नशे भगवान की भक्ति, भजन के नशे के सामने व्यर्थ हैं।

पूर्व गृहमंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि धर्म और सेवा के लिए धन का व्यय अनिवार्य नहीं है। अनेक ऐसे सेवा और पुण्य के कार्य हैं जो धन के बिना हो सकते हैं। यदि आप एक वृक्ष लगाते हैं या रक्तदान करते हैं तो यह बड़ा सेवा और पुण्य का कार्य है। उन्होंने कहा कि वृक्षों में भी जीवन और आत्मा होती है। वृक्ष वर्षा से झल, सूर्य से भोजन लेता है, सोता व जागता है। धर्म शास्त्रों ने वृक्षों में ईश्वर का वास माना है। बेलपत्री और पीपल में भगवान शिव, बरगद में भगवान ब्रह्मा, केले में भगवान शिव, कदंब में भगवान श्री कृष्ण का वास है। हरे वृक्षों को काटना हत्या से कम नहीं है। उन्होंने पार्थिव शिवलिंग का महत्व बताते हुए कहा कि भगवान श्री राम ने लंका विजय के पूर्व पार्थिव शिवलिंग बनाकर भगवान शिव का अभिषेक किया तब रावण वध की शक्ति उन्हें मिली। यदि हम भी प्रतिदिन पार्थिव शिवलिंग बना कर अभिषेक करें तो उसके पुण्य से हाथ की रेखाएं और भाग्य भी बदल जाता है।

इस अवसर पर पं. विनय महाराज, राजपाल सिंह राजपूत, राजाभाई, मूरत सिंह, जितेन्द्र सिंह, साहब सिंह, मालक सिंह, ओमप्रकाश सिंह, राजेन्द्र सिंह, निर्भय सिंह, कुंवर सिंह, सुमेर सिंह, मूरत सिंह धरमपुर, शेरसिंह, प्रकाश सिंह, विशाल सिंह, कुंजर सिंह, भूपेन्द्र चौबे, मोहन सिंह, रामजी सिंह, रमेश सिंह, साहूकार सिंह, देव सिंह, रघुराज सिंह, कल्लू नायक, गोपाल सिंह, नरेन्द्र सिंह, माखन प्रजापति, राहुल, सुरेन्द्र, रामराजा, महेश खैरा, डब्बू पटवा, शत्रुघन, अविनाश राजपूत, रंजीत राजपूत, दीपक यादव, प्रफुल्ल बोहरे, रतिराम, देशराज, राजेश, जयपाल, लोकेन्द्र सिंह, प्रमोद सिंह, शिवराज कुशवाहा, राजू, लाखन सिह तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु, ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## पूर्व गृहमंत्री, विधायक श्री भूपेन्द्र सिंह के सागर कार्यालय रक्त सेवा हेल्पलाइन सेंटर ने 8 दिनों में 56 जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध कराया



**सागर।** मध्यप्रदेश के पूर्व गृहमंत्री एवं खुरई विधायक श्री भूपेन्द्र सिंह द्वारा सागर स्थित कार्यालय में गत 2 जून को आरंभ किए गए रक्त सेवा हेल्पलाइन सेंटर के माध्यम से बीते आठ दिनों में 56 जरूरत मंद मरीजों को रक्त उपलब्ध कराया गया है।

पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक श्री भूपेन्द्र सिंह के निर्देश अनुसार सागर जिले के बीपीएल कार्डधारक गरीब जरूरतमंदों को नि:शुल्क रक्त उपलब्ध कराने के लिए हेल्पलाइन सेंटर शीघ्रता से हर संभव होता है।

उल्लेखनीय है कि पूर्व गृहमंत्री एवं खुरई विधायक श्री भूपेन्द्र सिंह के जन्मदिन पर इस वर्ष चार दिवसीय शिविर में लगभग 1600 यूनिट रक्तदान हुआ है और पिछले दस सालों में लगभग 14 हजार से अधिक यूनिट रक्तदान हुआ है। इसके पश्चात सागर स्थित कार्यालय में रक्त सेवा हेल्पलाइन सेंटर शुरू किया गया है।

श्री भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि अभी सागर के ब्लड बैंक में पर्याप्त ब्लड उपलब्ध है। इस हेल्पलाइन सेंटर का मोबाइल नंबर 9228035418 है जो चौबीस घंटे चालू रहेगा। इसके साथ ही एक लैंडलाइन नंबर 262688 पर सम्पर्क किया जा सकता है। इमरजेंसी में मेरे स्वयं के मोबाइल नंबर 9425171211 पर काल , वाट्सएप या एसएमएस किया जा सकता है।

### उज्जैन में केंद्रीय पर्यवेक्षक रागिनी नायक का कांग्रेस सेवादल ने किया भव्य स्वागत

**उज्जैन।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा शुरू किए गए संगठन सृजन अभियान के तहत उज्जैन में केंद्रीय पर्यवेक्षक और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की प्रवक्ता रागिनी नायक का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी की पर्यवेक्षक प्रतिभा रघुवंशी का भी स्वागत हुआ।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और जन नायक राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी को नई ऊर्जा प्रदान करने के संकल्प के तहत यह अभियान चलाया जा रहा है। मध्य प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार रागिनी नायक के उज्जैन आगमन पर शहर कांग्रेस कार्यालय क्षीरसागर में जिला ग्रामीण कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष डॉ. चैन सिंह चौधरी के नेतृत्व में स्वागत समारोह आयोजित किया गया।

## खुल्लेआम चल रहे सट्टा के खिलाफ शिवसेना ने पुलिस अधीक्षक को सौपा ज्ञापन




**सागर।** मकरोनिया बहेरिया में धड़ल्ले से चल रहे सट्टा के खिलाफ शिवसेना ने एएसपी लोकेश सिन्हा को ज्ञापन सौपा शिवसेना जिला प्रभारी विकास सिंह ने कहा कि मकरोनिया में सट्टा माफियाओ के हौसले इतने बुलंद है कि अब ऑनलाइन अप के माध्यम से लाखों की बुकिंग ली जा रही है बृजेंद्र अहिरवार द्वारा वार्ड गली मोहल्ले सट्टा का कारोबार जमा लिया है शिवसेना जिला प्रमुख दीपक सिंह लोधी ने कहा सट्टा की लत से लोगों के घर बर्बाद हो रहे हैं लेकिन सट्टा की कारोबार पर लगाम नहीं लगाई जा रही शिवसेना उपराज्य प्रमुख पप्पू तिवारी ने कहा कि पूर्व में शिवसेना द्वारा सदर में भी खुलेआम सट्टा के कारोबार की शिकायत गई थी लेकिन आज दिनांक तक सट्टा माफियाओ पर कोई कार्रवाई नहीं की गई जिससे स्पष्ट भी होता है कि थाने स्तर पर मिली भगत होने के चलते सट्टा का कारोबार फल फूल रहा है शीघ्र ही अगर सट्टा माफियाओ पर कार्रवाई नहीं की जाती है तो शिवसेना स्वयं सट्टा खिलाने वालों को सबक सिखाएगी ज्ञापन देने आशुतोष तिवारी मयंक रजक पंकज दुबे राहुल विट्ठल अजय बुंदेला शिवम सांसिया श्याम सचिन जैन उपस्थित थे ।

# विधायक प्रतिनिधियों की नियुक्ति पर मालथौन भाजपा मंडल ने पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक श्री भूपेन्द्र सिंह का अभिनंदन किया

**सागर। मालथौन भाजपा मंडल के पदाधिकारियों ने मंडल में चार विधायक प्रतिनिधियों की नियुक्ति पर बामोरा स्थित कार्यालय पहुंच कर पूर्व गृहमंत्री, पूर्व सांसद, विधायक खुरई का आत्मीय अभिनंदन किया व आभार व्यक्त किया।**

**उल्लेखनीय है कि गत दिनों वरिष्ठ भाजपा नेता बादाम सिंह सिसौदिया को नगर परिषद मालथौन में, पुष्पेन्द्र सिंह तोमर को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मालथौन में,**



**भीकम यादव माहुलखास को कृषि उपज मंडी मालथौन में तथा सुरेंद्र सिंह बघेल झौलसी को जनपद पंचायत मालथौन में विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है।**

**इस अवसर पर जयंत सिंह बुन्देला, बलवीर सिंह राव, गोविन्द सिंह नेगुंवा, अरविन्द सिंह (मंडल अध्यक्ष), रामकुमार बघेल जी, गोलू प्रताप राय, वीर सिंह यादव, सिरनाम सिंह तोमर, भगवान सिंह यादव, राजेन्द्र सिंह बघेल, अशोक यादव, देवेन्द्र सिंह बुन्देला, अजीत राय, करतार सिंह बघेल, हीरू राजपूत, हाकम सिंह राजपूत, रविन्द्र यादव, राघवेन्द्र सिंह यादव, अंकित राजपूत एवं समस्त कार्यकर्ता मंडल उपस्थित रहे।**


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं प्रीतिवाला पत्नी अनिल कुमार निवासी खिड़कियां जिला हरदा मेरे पति के नाम वाहन mp47ah 2218 हैं इसको मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं किसी को आपत्ति हो तो 7 दिवस के अंदर जिला परिवहन कार्यालय हरदा में लिखित रूप से प्रस्तुत करे बाद में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**वर्षा मालवीय खिड़कियां**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सोनाली पवार पत्नी सोमिल पवार निवासी हरदा जिला हरदा मेरे पति के नाम वाहन mp47ca3190 हैं इसको मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं किसी को आपत्ति हो तो 7 दिवस के अंदर जिला परिवहन कार्यालय हरदा में लिखित रूप से प्रस्तुत करे बाद में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**वर्षा मालवीय खिड़कियां**

## ब्रीफ न्यूज

### अर्धनग्न अवस्था में दंड भरते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे किसान



**दमोह।** मध्यप्रदेश सरकार द्वारा ज़ब प्रदेश में मूंग खरीदी पर रोक लगाने की बात कही गई है तब से ही प्रदेश भर में किसानों का गुस्सा देखने को मिल रहा है. आज दमोह में चिलचिलाती धूप में दमोह के किसान दंड भरते हुए अर्धनग्न अवस्था में 'मूंग खरीदी चालू करो' का नारा लगाते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। जिला पंचायत सदस्य दृगपाल सिंह लोधी ने बताया की आज किसानों द्वारा बिना किसी संगठन, बिना किसी राजनैतिक दल के बैनर तले ये प्रदर्शन किया। जिसका उद्देश्य भाजपा सरकार को समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी की मांग मानने पर मजबूर करना है। किसानों ने बताया कि अगर सरकार जल्द ही मूंग खरीदी की घोषणा नहीं करती तो दमोह में किसान अनिश्चित कालीन अमरण अनशन पर बैठेंगे। इस ज्ञापन में पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष मनु मिश्रा जी, पूर्व सेवादल अध्यक्ष वीरेंद्र ठाकुर जी, भीष्म नारायण पटेल जी, तुलसी लोधी, देवेंद्र अहिरवार, एड. नरेंद्र प्रताप, नीलेश ठाकुर, दीनदयाल पटेल, सरदार सिंह, अंकित राय, जीतेन्द्र पटेल,कमलेश चोरसिया, नत्थू सिंह, गुड्डू प्यासी सत्ती खिरिया,धमेंद्र सिंह, सुरेन्द्र सिंह, देवेन्द्र सिंह घोघरा, राजू सिंह, गोविंद सिंह केरवना, देवी सिंह गूगरा, सुनिल सिंह हिगवानी सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

### हटा में श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर का शुभारंभ

**दमोह।** हटा नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर में आज से छै दिवसीय श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर श्री दिगम्बर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर राजस्थान के तत्वाधान में गुरू उपकार महोत्सव के अवसर पर लगाया जा रहा है। शिविर का शुभारंभ विनोद विनय विवेक बम्होरी वालों के द्वारा ध्वाजारोहण के साथ हुआ, मंत्रोपचार एवं भजन अर्घ्य समर्पित करके सकल समाज के समक्ष आयोजन स्थल पर ध्वजारोहण किया गया। पंडित अभिषेक डुमडुम के द्वारा शिविर के सफ्ल होने के लिए मंगल कलश की स्थापना की गई। शाह लक्ष्मी चंद जैन, पूर्व नवोदय प्राचार्य एचके जैन, मंदिर कमेटी अध्यक्ष एडवोकेट विवेक जैन, संजय जैन ने आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के चित्र का अनावरण करते हुए दीप प्रज्जवलित किया। सांगानेर संस्थान से आये भैया जी अंकित जैन, शीलचंद जैन ने बताया कि शिविर के माध्यम से जैन धर्म की बारीकियों से अवगत करते हुए संस्कारों की शिक्षा प्रदान की जायेगी। शिविर सभी आयुवर्ग के लोगों से भाग लेने की अपील की गई है।

### खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग द्वारा शहर स्थित विभिन्न दूध डेयरी एवं पनीर विक्रय दुकानों का किया गया औचक निरीक्षण

**गाय भैंस का मिश्रित दूध,पनीर एवं दही के लिए गए नमूनें, जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए नमूनें**

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशों के तहत् खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा जांच दल ने दमोह शहर में विभिन्न दूध डेयरी एवं पनीर विक्रय दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण की कार्यवाही मुकेश नायक कॉलोनी स्थित आर्यन दूध डेयरी एवं कचौरा शॉपिंग सेंटर स्थित विवेक ट्रेडर्स पर की गई है। मौके पर आर्यन दूध डेयरी के परिसर से गाय भैंस का मिश्रित दूध एवं पनीर के नमूनें जांच हेतु लिए गए है। इसी तरह कचौरा शॉपिंग सेंटर स्थित विवेक ट्रेडर्स से पनीर एवं दही के नमूनें जांच हेतु लिए गए हैं। इन नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। मौके पर समस्त दूध डेयरी संचालकों को शुद्ध गुणवत्तायुक्त दूध,दही,पनीर,घी, क्रीम सहित अन्य दुग्ध पदार्थ ग्राहकों को विक्रय करने के निर्देश दिए गए हैं। मौके पर दूध डेयरी एवं पनीर विक्रय दुकानों को परिसर में निरीक्षण के दौरान कमियां पाए जाने पर धारा 32 के तहत सुधार सूचना पत्र जारी किए गए हैं।

# हाऊसिंग बोर्ड द्वारा 100 साल से रह रहे हितग्राहियों से मकान खाली करने कहा ग्रामवासियो ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा

**दमोह।** हितग्राही भीकम सींग द्वारा दमोह कलेक्टर के नाम एक आवेदन सौंपा जिसमें बताया कि वे भड़वारी कुलुवा उर्फ मारूताल के निवासी हैं तथा दमयंती नगर के सामने निवासरत हैं। यह कि हाऊसिंग बोर्ड द्वारा करीब 10 दिन पहले नाप करवाया, उनके अधिकारियों द्वारा कहा गया कि ये जमीन शासन से हाऊसिंग बोर्ड को दे दी गई है इसलिए ये जगह आपलोग खाली कर देवे। यह कि हमलोगों ने कहा कि करीब 100 सालों से हमारे बाप दादा निवास करते आ रहे हैं तथा हमलोगों के पक्के आवास बने हैं तथा कुछ हितग्राहियों को शासन से प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बनाये गये हैं जिन्हें आवास स्वीकृति हुई है, जो निम्न हैं संजय यादव, सरमन यादव, कपूरचंद राय, सेवक यादव, लखनयादव, ज्ञानबाई यादव, गुलाबरानी यादव, मुकेश यादव, बैरे आदिवासी, मुन्ना यादव, रणवीर यादव, गढ़बर यादव, प्रहलाद यादव, भटले यादव, मेघराज यादव, अस्स मुड़ा, मोहन यादव, गंगाबाई गुड़ा इन 18 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास मिले, इनके पक्के कच्चे मकान बने हैं। यह कि शहर में जटाशंकर कालोनी, शोभानगर कालोनी, सुभाष कालोनी, इंदिरा कालोनी, मुकेश कालोनी, जबलपुर नाका, गधागंज, भैरोबिहर इन 8 स्थानों पर सभी लोग शासकीय भूमि पर मकान बनाकर रह रहे हैं। यहाँ के लोगों को क्यों कहीं क्यों नहीं हटाया जा रहा है है सिर्फकुलुवा उर्फ मारूताल के यहाँ रहनेवाले हम गरीब हितग्राहियों को ही हाऊसिंग बोर्ड द्वारा हटाने को क्यों कहा जा रहा है। यह कि हमलोगों को बेघर किया जा रहा है जबकि शासन से



मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री का कहना है कि जो गरीब व्यक्ति जहाँ शासकीय भूमि पर रह रहा है उसे किसी भी कीमत पर शासन की किसी भी योजना के तहत हटाया नहीं जा सकता। फ्रि हम हितग्राहियों के साथ इतना अत्याचार हाऊसिंग बोर्ड के अधिकारियों के द्वारा किया जा रहा है, क्यों हटाने की धमकी दी जा रही है। हमलोगों पर दया दृष्टि कर यथावत रहने की, न हटाये जाने की कार्यवाही करने की दया करें क्योकि गरीबों के 120 मकान व झोपड़ी बने हुए हैं। यह कि मैंने पूर्व में श्रीमान् कलेक्टर महोदय को दिनांक 28.08.2024 को कलेक्ट्रेट जाकर सभी लोगों ने मिलकर आवेदन दिया था और उसी दिन हमलोगों ने माननीय सांसद महोदय जी को भी आवेदन दिया था और उसी दिन माननीय जयंत कुमार मलैया जी को भी आवेदन दिया था और दिनांक 18.07.2024 में सभी लोग मिलकर माननीय मुख्यमंत्री महोदय जी म. प्र. शासन को भी भोपाल जाकर आवेदन दिया था और हमसभी लोग तहसील कार्यालय जाकर एस. डी. ओ. महोदय को भी आवेदन प्रस्तुत किया था। हमलोग करीब 2 वर्षों से हाऊसिंग बोर्ड के कर्मचारी से परेशान हैं। हमलोगों ने माननीय मुख्यमंत्री महोदय जी के निर्देशों पर मकान बनाये हैं। मुख्यमंत्री जी ने वचन पत्र में कहा था कि अगर मेरी सरकार बनेगी तो मैं गरीबों को मकान बनाने के लिए पट्टा जरूर दूंगा। जो कि मैंने टी. व्ही. में भी देखा और पेपर में भी पढ़ा है इसलिए मुझे सरकार पर पूर्ण विश्वास था कि गरीबों के साथ सरकार कभी धोखा नहीं करेगी। अब मुख्यमंत्री अपने वचन पत्र से क्यों मुकरते हैं और यहाँ के सांसद एवं विधायक उस वचन पत्र से क्यों मुकरते हैं। शासन को खजाने में ऐसी कौन सी कमी पड़ गई जो कि गरीबों को बेघर कर हाऊसिंग बोर्ड को जमीन बेची जा रही है। हाऊसिंग बोर्ड ने कभी वहाँ पर न कभी बोर्ड लगाया है और बार-बार परेशान करता है। मांग है कि माननीय शासन प्रशासन से नम्र निवेदन है कि गरीबों को परेशान न करें जहाँ पर गरीबों के मकान बने हैं वहाँ यथावत रहने दें। यही नम्र निवेदन है कि अगर गरीबों के साथ ऐसा धोखाधड़ी किया तो गरीबों की बद्दुआ मिलेगी कि शासन ऊपर से नीचे आ सकता है इसलिए शासन प्रशासन से जम्र निवेदन है कि हमलोगों को जहाँ रहते हैं वहीं रहने दें। यही नम्र निवेदन करता हूँ। साथ ही उक्त विषय में विधायक श्री जयंत मलैया को भी आवेदन सौंपा गया।

# नहर निर्माण के ठेकेदार की सुरक्षा लापरवाही से गई मासूम की जान



**मैहर।** तहसील अन्तर्गत सोमवार को ग्राम हरदासपुर की 14 वर्षीय बालिका प्रियंका सिंह पिता रमेश सिंह पटेल की असमय और हृदय विदारक मृत्यु ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया है। नहर निर्माण के कार्य में लगी राज कमल बिल्डर नामक कंपनी द्वारा की जा रही सुरक्षा लापरवाही के कारण यह दुर्घटना घटी जिसमें मासूम प्रियंका काल के गाल में समा गई। घटना उस समय हुई जब निर्माण स्थल पर किसी प्रकार की सुरक्षा व्यवस्था नहीं थी। खुले गड्ढे, अस्थाई संरचनाएँ और असावधानी पूर्वक छोड़ी गई सामग्री बच्चों के लिए जानलेवा सिद्ध हो रही है। इससे पहले भी दहिया परिवार के एक नन्हे बालक के साथ इसी प्रकार की दुर्घटना हो चुकी है किंतु इसके बावजूद भी न तो प्रशासन जागा और न ठेकेदार ने सुरक्षा मानकों का पालन किया। इस घटना पर मैहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि यह हादसा नहीं बल्कि शासन प्रशासन की निष्क्रियता और ठेकेदार की लापरवाही का बड़ा परिणाम है। जब निर्माण कार्य जीवन की कीमत पर किया जाए तब वह विकास नहीं विनाश होता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने पूर्व में भी कई बार प्रशासन को आगाह किया था कि निर्माण कार्यों में सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य कराया जाए विशेषकर उन स्थलों पर जो जनसंपर्क में हैं। इसके लिए कई बार ज्ञापन भी सौंपे गए किंतु किसी ने भी इन चेतावनियों को गंभीरता से नहीं लिया। श्री द्विवेदी ने प्रशासन से मांग की है कि राजकमल बिल्डर के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाए। और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा एवं सहायता राशि तत्काल प्रदान की जाए साथ ही इस घटना की न्यायिक जांच कराई जाए और भविष्य में निर्माण स्थलों पर अनिवार्य रूप से सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित कराया जाए। इस दुर्घटना के बाद ग्रामीणों ने परिजनो के साथ मिलकर डेल्हा मोड़ में रोड पर बैठकर चकाजाम कर दिया गया किन्तु प्रशासन की समझाइस के बाद सड़क को बहाल कर दिया गया। अब देखना यह होगा कि आगे प्रशासन क्या ठोस कदम उठाता है।

# नगर के बच्चो ने रोलर स्केट्रिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक जीते




**पिपरिया।** 15 वीं ओपन रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता भोपाल में आयोजित हुई। जिसमें 5 से 18 वर्ष आयु वर्ग के लगभग प्रदेश के 300 स्केटर्स ने भाग लिया। प्रतियोगिता में पिपरिया ताईक्काडों एवं स्केटिंग एकेडमी के बच्चो ने अपना शानदार प्रर्दशन करते हुये। स्वर्ण,रजक व कांस्य पदक जीते। प्रतियोगिता में 10 वर्ष आयु वर्ग में इशिता साहू ने स्वर्ण पदक, 16 वर्ष आयु वर्ग में आध्या सोलंकी ने स्वर्ण पदक,12 वर्ष आयु वर्ग में रूद्र राय ने रजत पदक,14 वर्ष आयु वर्ग में रिधेश माहेश्वरी ने रजत पदक,अयान पुरूशावानी ने कांस्य पदक,11 वर्ष आयु वर्ग में आर्यन साहू ने कांस्य पदक जीत कर नगर का नाम रोशन किया । कोच नरेन्द्र मालवी ने बताया कि भोपाल में दिनांक 7 जून 2025 से 8 जून 2025 में आयोजित 15 वीं ओपन भोपाल रोलर स्केट्रिंग प्रतियोगिता में भाग लेकर बच्चो ने दो स्वर्ण पदक, दो रजत पदक, तीन कांस्य पदक जीते । पदक जीतने वाले विद्यार्थियों को प्राचार्य शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय अरविन्द सिंह रघुवंशी,जिला ताईक्काडों सचिव गिरिराज भटट्, ब्लाक खेल अधिकारी अरविन्द शर्मा ,खेल समन्वयक प्रीतम सिंह पुर्विया, निशा मालवी,आर्दश विश्वकर्मा ने बच्चों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

# भारतीय मजदूर संघ ने सौंपा प्रभारी मंत्री को ज्ञापन



**मैहर।** भारतीय मजदूर संघ जिला मैहर द्वारा सोमवार को जिले की प्रभारी मंत्री राधा सिंह के मैहर आगमन पर भारतीय मजदूर संघ जिला मैहर द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में माग की गई कि मजदूरों के कल्याण हेतु कार्यालय भवन, पानी एवं आवास की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाय। प्रभारी मंत्री द्वारा मजदूरों की सुविधा हेतु नया भवन बनाने के लिए जिला कलेक्टर को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष कैलाश कछवाह, जिला मंत्री मनोज शुक्ला, राजकुमार विश्वकर्मा, कल्पना सिंह एवं प्रिया शुक्ला की मौजूदगी रही।

# दमोह के किसान ने सागर लोकायुक्त से रैपुरा के तहसीलदार को रंगे हाथों पकड़वाया

**दमोह।** 8 साल से रायपुर की तहसील कार्यालय के चक्कर लगा लगाकर परेशान हो चुके दमोह जिले के गरीब किसान ने आखिरकार थक हार कर लोकायुक्त की मदद ली और आखिरकार रिश्वतखोर तहसीलदार के लोकायुक्त के जाल में फ्सते देर नहीं लगी। रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़े गए तहसीलदार के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 के तहत कार्यवाही की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दमोह जिले के निवासी किसान कल्याण सिंह लोधी की पत्नी के नाम पर पन्ना जिले के रैपुरा तहसील अंतर्गत थोड़ी सी जमीन दर्ज थी जिसे रिकॉर्ड में खुर्द बुर्द कर दिया गया था। जिस का फ्रि से कब्ज पाने के लिए किसान कल्याण सिंह 8



साल से रायपुर के तहसील कार्यालय के चक्कर लगाकर परेशान हो रहा था। आखिरकार मामला जब आदेश के स्टेज पर पहुंचा तो तहसीलदार चंद्रमणि सोनी के द्वारा 10000 रु रिश्वत की मांग की गई। 9000 में मामला तय होने के बाद 4000 रु की पहली किस्त भी तहसीलदार को दे दी गई थी। इसके बाद भी जब तहसीलदार द्वारा आदेश पर साइन करने में टाला मटोली की जाती रही। जिसके बाद किसान कल्याण सिंह ने 6 जून को सागर लोकायुक्त कार्यालय पहुंचकर एसपी लोकायुक्त को लिखित शिकायत देते हुए गुहार लगाई। जिस पर तत्काल एक्टिव हुई लोकायुक्त टीम ने जल्द ही साक्ष्य जुटाए तथा 9 जून को निरीक्षक श्रीमती रोशनी जैन के नेतृत्व में लोकायुक्त टीम ने रैपुरा पहुंचकर तहसीलदार चंद्रमणि सोनी को अपने आवास पर किसान कल्याण सिंह से रिश्वत के 3000 रु लेते हुए रंगे हाथों पकड़कर कार्यवाही करने में देर नहीं की। फ्लिहाल तहसीलदार के खिलाफ एफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 के तहत कार्यवाही की गई है वही लोकायुक्त की इस कार्यवाही से सनसनी के हालात बने रहे और लोग चटकारे लेकर तहसील कार्यालय में ऊपर से लेकर नीचे तक रिश्वतखोरी के खेल की चर्चा करते नजर आए।

# संकल्प फाउंडेशन देगा बेटियों को आत्मरक्षा हेतु प्रशिक्षण

**पिपरिया।** आज के आधुनिक समाज में महिला सुरक्षा एक ज्वलंत और महत्वपूर्ण मुद्दा बन चुका है। महिलाओं एवं बच्चियों की सुरक्षा केवल एक सामाजिक आवश्यकता नहीं है। बल्कि एक अधिकार है जो उन्हें सम्मान और समानता की भावना के साथ जीने का अधिकार प्रदान करता है। देश में आए दिन ऐसी घटना होना जैसे आम बात बन गई है। किसी को कानून का डर ही नहीं है। आए दिन बेटियों पर अपराध की खबरें आती रहती है। ऐसे में हर माता-पिता चाहता है कि उसकी बेटी सुरक्षित रहे। इसी बात को ध्यान में रखते हुए संकल्प फाउंडेशन के द्वारा सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण देने की शुरुआत की जा रही है।



प्रशिक्षण में आत्मरक्षा में प्रयोग की जाने वाली बहुत सारी तकनीके लड़कियों एवं छोटे बच्चों को सिखाई जाएंगी। इन तकनीकों का प्रयोग कर आपात स्थिति में लड़कियां अपनी आत्मरक्षा कर पाएंगी। सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग पचमढ़ी रोड स्थित हेलीपैड ग्राउंड पर सुबह 6 से दी जाएगी।

# पचमढ़ी में आयोजित प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियों को लेकर संगठन की बैठक संपन्न

**पिपरिया।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा 14 जून से पचमढ़ी में प्रारंभ होने वाले सांसदों एवं विधायकों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियों को लेकर संगठन के सदस्यों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में वरिष्ठ नेताओं एवं पदाधिकारियों ने भाग लिया तथा प्रशिक्षण वर्ग की व्यवस्थाओं की विस्तृत रूप से समीक्षा की। बैठक के दौरान प्रशिक्षण वर्ग से संबंधित सभी प्रमुख पहलुओं जैसे आवास, भोजन,सुरक्षा,कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं वक्ताओं के चयन पर चर्चा की गई। साथ ही व्यवस्थाओं का स्थल



पर जाकर निरीक्षण भी किया गया। पदाधिकारियों ने सभी आवश्यक तैयारियों की प्रगति का अवलोकन किया और बेहतर संचालन हेतु आवश्यक निर्देश एवं मार्गदर्शन प्रदान किया। संगठन के वरिष्ठ सदस्यों ने कहा कि यह प्रशिक्षण वर्ग पार्टी के जनप्रतिनिधियों के वैचारिक सशक्तिकरण एवं संगठनात्मक दक्षता में वृद्धि हेतु एक महत्वपूर्ण पहल है।




## व्यापक निवेश अवसर

# 'सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना' समिट

10 जून, 2025 | प्रातः 10:00 से सायं 6:00 बजे तक
कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेन्टर, भोपाल

D-11043/25

मुख्य अतिथि

## मुख्यमंत्री, डॉ. मोहन यादव

### समिट के मुख्य आकर्षण

- सौर संयंत्रों की स्थापना हेतु जारी निविदा संबंधी जानकारी
- शासकीय संस्थाओं द्वारा अपनाई जाने वाली स्टैन्डर्ड ऑपरेटिंग प्रक्रिया की जानकारी
- बैंकों एवं इनवर्टर निर्माताओं के साथ परियोजनाओं की वित्तीय एवं तकनीकी व्यवस्थाओं पर परिचर्चा

### योजना के प्रमुख उद्देश्य

- मध्यप्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी को कम मूल्य पर बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित कराना
- ट्रांसमिशन हानि कम करना एवं सीधे खपत स्थल पर बिजली पहुंचाना
- 33/11 केवी उपकेंद्रों पर ओवरलोडिंग, लो-वोल्टेज और पावर कट की समस्या कम करना
- किसान को सिंचाई के लिये दिन में बिजली उपलब्ध कराना

### नवीकरणीय ऊर्जा का विस्तार

- सब-स्टेशन की 100% क्षमता तक की परियोजनाओं की स्थापना
- परियोजनाओं को पीएम कुसुम-सी योजनांतर्गत उपलब्ध केंद्रीय अनुदान का लाभ लेने का विकल्प
- 1900 से अधिक विद्युत सबस्टेशन एवं 14500 मेगावॉट क्षमता सौर परियोजनाओं के चयन हेतु उपलब्ध
- पीएम कुसुम योजना में 3.45 लाख पम्प का लक्ष्य
- वोकल फॉर लोकल - स्थानीय उद्यमियों के लिए निवेश एवं रोज़गार सृजन का उचित अवसर
- वित्त पोषण की सुगमता के लिए बैंकों से समन्वय
- परियोजनाओं में AIF के तहत 7 वर्षों तक 3% ब्याज में छूट
- Reactive Power प्रबंधन से अतिरिक्त आय

सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhypradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025


स्वामी **निष्ठावान एडवरटाइजर्स एण्ड मीडिया प्रा.लि.**, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक श्रीमती रीता सिंह द्वारा प्रदेश वॉच मीडिया ग्रुप, 11, प्रेस कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर-462023 भोपाल, म.प्र. से मुद्रित एवं फ्लैट नंबर 601, ए-2, फॉर्चून कस्तूरी, होशंगाबाद रोड, भोपाल-11 (म.प्र.) से प्रकाशित।
***स्थानीय संपादक: बालेन्द्र गुप्ता।** पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार (सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र भोपाल रहेगा।), **आर.एन.आई.नं. 58842/94**